मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, गुरुवार, 29 जनवरी 2026
संवत 2082, माघ शुक्लपक्ष 11 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-9, अंक 138, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ बजट 2026 : ग्रीन एनर्जी को मिल सकती है नई उड़ान

फिल्म लाइकी लाइका में दिखाई देंगे राशा थडानी और अभय वर्मा ◀◀ 6

# सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी के नए भेदभाव नियमों पर फिलहाल लगाई रोक, 2012 के नियम जारी रहेंगे

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और यूजीसी को नोटिस जारी किया। इसके साथ ही, शीर्ष अदालत ने फिलहाल यूजीसी के नए रेगुलेशन पर रोक लगा दी है और स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि तब तक 2012 के यूजीसी रेगुलेशन ही लागू रहेंगे। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस मामले में सुनवाई की। याचिकाकताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने दलील दी कि उन्होंने यूजीसी के नए नियमों के सेक्शन 3सी को चुनौती दी है। उनका कहना था कि रेगुलेशन में भेदभाव की जो परिभाषा दी गई है, वह संविधान के अनुरूप नहीं है। विष्णु शंकर जैन ने तर्क दिया कि संविधान के अनुसार, भेदभाव का प्रश्न देश के सभी नागरिकों से जुड़ा है, जबकि यूजीसी के नए नियमों में भेदभाव को केवल विशेष वर्ग तक सीमित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह परिभाषा न केवल अधूरी है, बल्कि संवैधानिक भावना के विपरीत भी है।



सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि मान लीजिए दक्षिण भारत का कोई छात्र उत्तर भारत में दाखिला लेता है या उत्तर का छात्र दक्षिण में पढ़ने जाता है और उसके खिलाफ कोई अपमानजनक टिप्पणी की जाती है, जबकि दोनों पक्षों की जाति की जानकारी नहीं है, तो ऐसी स्थिति में कौन-सा प्रावधान लागू होगा?

इस पर विष्णु जैन ने जवाब दिया कि सेक्शन 3ई ऐसी परिस्थितियों को कवर करता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी के जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव होता है, तो उसके लिए अलग से प्रावधान मौजूद है और उस पर कार्रवाई की जा सकती है। एक अन्य याचिकाकर्ता के वकील ने सवाल उठाया कि यूजीसी के नए नियमों में रैगिंग से जुड़े प्रावधान क्यों हटाए गए हैं। उन्होंने आशंका जताई कि नया रेगुलेशन शिक्षा व्यवस्था को आगे ले जाने के बजाय पीछे की ओर धकेल रहा है। उनका कहना था कि भविष्य में ऐसा हो सकता है कि कोई फ्रेशर, जो सामान्य वर्ग से आता हो, पहले ही दिन अपराधी की तरह देखा जाने लगे और जेल तक पहुंच जाए। यह गंभीर चिंता का विषय है। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने एक बड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी हम समाज को जातियों से मुक्त नहीं कर सके हैं। सवाल यह है कि क्या इस नए कानून के जरिए हम और पीछे की ओर जा रहे हैं? 0याचिकाकताओं ने अदालत से यूजीसी के नए रेगुलेशन को समाप्त करने और उस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि यदि अदालत अनुमति दे, तो वे इससे बेहतर और संतुलित रेगुलेशन तैयार कर सकते हैं। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह एक संवैधानिक मामला है। हालांकि, कोर्ट ने रेगुलेशन में प्रयुक्त भाषा को लेकर चिंता जताई।

चीफ जस्टिस ने कहा कि रेगुलेशन में इस्तेमाल किए गए शब्दों से यह संकेत मिलता है कि इसके दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं, जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने टिप्पणी की कि अदालत समाज में एक निष्पक्ष और समावेशी माहौल बनाने पर विचार कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सेक्शन 2ई पहले से मौजूद है, तो फिर 2सी की प्रासंगिकता कैसे बनती है?

## आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई,बाबा राइस मिल और संचालक के ठिकानों पर छापेमारी

संवाददाता

**रांची :** रांची में आयकर विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बाबा राइस मिल और उसके संचालक से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। गुरुवार सुबह आयकर विभाग की अलग-अलग टीमें एक साथ कांके रोड, रातू रोड समेत शहर के कई इलाकों में स्थित ठिकानों पर पहुंचीं। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति और वित्तीय अनियमितताओं की आशंका को लेकर की जा रही है। आयकर विभाग के अधिकारी दस्तावेजों की गहन जांच कर रहे हैं और कंप्यूटर, फाइलें तथा अन्य महत्वपूर्ण कागजात खंगाले जा रहे हैं। कुछ स्थानों पर कर्मचारियों और संबंधित लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

फिलहाल छापेमारी की कार्रवाई जारी है, इसलिए आयकर विभाग की ओर से आधिकारिक रूप से किसी भी प्रकार की जानकारी साझा नहीं की गई है। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि इस कार्रवाई में क्या-क्या तथ्य सामने आते हैं। छापेमारी की खबर से इलाके में हलचल का माहौल है और स्थानीय लोग भी इस कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चचाएं कर रहे हैं।

गणतंत्र दिवस पर सिल्ली मुरी समेत देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



निवेदक : श्री सुफल महतो
झारखंड राज्य किसान सभा
राज्य अध्यक्ष, रांची।



## अजित पवार पंचतत्व में विलीन, राजकीय सम्मान से हुआ अंतिम संस्कार

**बारामती ।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजीत पवार का अंतिम संस्कार गुरुवार को बारामती में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। पवार के अंतिम संस्कार में उनका पूरा परिवार मौजूद रहा। पवार के दोनों बेटों ने उन्हें मुखाग्नि दी। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे समेत कई लोग मौजूद रहे। इससे पहले, अजित पवार की अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। पवार की अंतिम यात्रा के दौरान सड़कों पर जाम की स्थिति देखने को मिली। बता दें कि गुरुवार सुबह अजित पवार के पार्थिव शरीर को काटेवाड़ी स्थित उनके आवास लाया गया था। बुधवार सुबह 8.45 बजे एक प्लेन क्रैश में पवार का निधन हुआ था। इस हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू समेत 5 लोगों की मौत हुई। उनके निधन पर महाराष्ट्र में 3 दिन का राजकीय शोक रखा गया है। इस दौरान राज्यभर की सभी सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा।

## आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26: वित्त वर्ष 2027 में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 7 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली :** संसद में गुरुवार को पेश किए गए इकोनॉमिक सर्वे 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट यानी आर्थिक विकास दर अगले वित्त वर्ष 2027 में 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, जो तीन साल पहले 6.5 प्रतिशत थी। सर्वे के अनुसार, देश में लगातार हो रहे घरेलू सुधार और सरकारी निवेश की वजह से, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था की अंदरूनी ताकत बढ़ी है। लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण में बताया गया है कि बीते दस वर्षों में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी हो गई है और अंतर्देशीय जलमार्गों से माल ढुलाई तेजी से बढ़ी है। इससे लॉजिस्टिक्स से जुड़ी दिक्कतें कम हुई हैं और पूरी अर्थव्यवस्था की कार्यक्षमता में सुधार आया है।

सर्वे के अनुसार, खाद्य पदार्थों की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण महंगाई में बदलाव जरूर दिखता है, लेकिन सोना और चांदी को छोड़कर मुख्य महंगाई दर नियंत्रित बनी हुई है। यह संकेत देता है कि देश में सप्लाई सिस्टम मजबूत हो रहा है, उत्पादन क्षमता बढ़ रही है और परिवहन व्यवस्था बेहतर हुई है। राज्य स्तर पर नियमों को आसान बनाने (डीरिगुलेशन) के प्रयासों से छोटे और मध्यम उद्योगों को आगे बढ़ने का मौका मिला है। इससे वे औपचारिक अर्थव्यवस्था से बेहतर तरीके से जुड़ पा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में देश की विकास क्षमता और मजबूत होगी। सर्वे में कहा गया है कि केंद्र सरकार की पिछले कुछ वर्षों की संतुलित वित्तीय नीति से देश की आर्थिक स्थिरता बनी हुई है। सरकार ने विकास की जरूरतों और वित्तीय संतुलन के बीच सही तालमेल बनाए रखा है। केंद्र सरकार के वित्तीय घाटे को कम करने के अनुभव से यह पता चलता है कि साफ लक्ष्य तय करना जरूरी है, लेकिन नीति में थोड़ी लचीलापन भी होना चाहिए। इससे अनिश्चित समय में सरकार की नीतियां विकास को रोकने की बजाय उसका समर्थन कर पाती हैं। इकोनॉमिक सर्वे के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 के केंद्रीय बजट में यह तय किया गया था कि वित्त वर्ष 2025-26 तक वित्तीय घाटा जीडीपी के 4.5 प्रतिशत से नीचे लाया जाएगा।




### झारखंड में ठंडी हवा ने दी दस्तक, फिर भी पारा में उछाल बरकरार

## चाईबासा सबसे ज्यादा गर्म, रांची में सर्दी बरकरार

संवाददाता

**रांची:** झारखंड में गुरुवार की सुबह ठंडी हवा के झोंके ने सर्दी का फिर से एहसास करा दिया। हालांकि धूप निकलते ही तापमान चढ़ने लगा है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में इजाफे का सिलसिला जारी है। राज्य के सभी जिलों का न्यूनतम पारा 10.0 डिग्री से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच चुका है। वहीं अधिकतम तापमान के लिहाज से चाईबासा में सबसे ज्यादा गर्मी महसूस की जा रही है।

**सर्दी की होने लगी है विदाई :** मौसम केंद्र, रांची की ओर से 29 जनवरी को जारी रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों में सबसे कम तापमान रांची के कांके क्षेत्र में 10.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। हालांकि रांची का ओवरऑल न्यूनतम तापमान 15.1 डिग्री पर पहुंच चुका है। कांके के बाद सबसे कम तापमान डाल्टनगंज में 11.6 डिग्री सेल्सियस है। इसके अलावा लातेहार में 11.9 डिग्री, खूंटी में 12.8 डिग्री , कोडरमा में 13.1 डिग्री , हजारीबाग में 13.1 डिग्री, पाकुड़ में 13.3 डिग्री , लोहरदगा में 13.5 डिग्री , देवघर में 14.0 डिग्री , सरायकेला में 14.0 डिग्री , बोकारो में 15.1 डिग्री और जमशेदपुर में 16.2 डिग्री पहुंच चुका है। आलम यह है कि दिन के वक्त घरों में पंखा चलाने की जरूरत महसूस होने लगी है। सिर्फ रात के वक्त हल्की ठंड महसूस हो रही है।

**अधिकतम पारा चढ़ा, महसूस होने लगी गर्मी :** धूप निकलते ही गर्मी महसूस होने लग रही है। पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा पारा चाईबासा में 30.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। चाईबासा के बाद पड़ोसी जिला सरायकेला गर्मी के मामले में दूसरे स्थान पर है। सरायकेला का अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच चुका है। वहीं जमशेदपुर में भी गर्मी अपनी रंग दिखाने लगी है। जमशेदपुर में पारा 29.5 डिग्री पर चला गया है। इसके अलावा , डाल्टनगंज में 28.8 डिग्री सेल्सियस, देवघर में 28.1 डिग्री , खूंटी में 28.0 डिग्री , कोडरमा में 27.7 डिग्री , गुमला में 27.5 डिग्री , हजारीबाग में 27.5 डिग्री , बोकारो में 27.5 डिग्री , सिमडेगा में 27.5 डिग्री , लोहरदगा में 27.4 डिग्री , पाकुड़ में 27.3 डिग्री और रांची में 26.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। सबसे कम अधिकतम तापमान लातेहार में 22.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है।

वहीं पिछले 24 घंटों में बोकारो, रांची और पाकुड़ का न्यूनतम तापमान 2.0 डिग्री से 4.0 डिग्री सेल्सियस तक सामान्य से ज्यादा रिकॉर्ड हुआ है। सामान्य की तुलना में कोडरमा, हजारीबाग, खूंटी और रांची के अधिकतम तापमान में 1.0 से 2.0 डिग्री सेल्सियस तक की बढोत्तरी हुई है। मौसम केंद्र के मुताबिक 20 जनवरी को मौसम शुष्क और आसमान साफ रहेगा, लेकिन 31 जनवरी और 1 फरवरी को दिन में कहीं-कहीं आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है।

# खूँटी में पड़हा राजा सोमा मुण्डा हत्याकांड का खुलासा, 6 और अभियुक्त गिरफ्तार

- SIT की कार्रवाई, जमीन विवाद और साजिश की परतें खुलीं

**संवाददाता**



**खूंटी :** खूंटी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमुवादाग तालाब के समीप दंगल संगा पड़हा राजा सोमा मुण्डा की अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में खूँटी थाना कांड संख्या 03/2026, दिनांक 08/01/2026 को धारा 103(1)/61(2)/3(5) बीएनएस 2023 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, खूँटी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, तोरपा के नेतृत्व में SIT (विशेष जांच दल) का गठन किया गया। SIT की त्वरित कार्रवाई में पहले ही 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। अब रक्ळ ने हत्या की साजिश रचने वाले मुख्य आरोपियों और दोनों शूटरों समेत 06 और अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया है कि मृतक सोमा मुण्डा और अभियुक्त दानियल संगा के बीच पिछले 10झ12 वर्षों से 14 डिसमील जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। सोमा मुण्डा द्वारा जमीन पर निर्माण कार्य में लगातार बाधा और बेदखली के दबाव के कारण दानियल संगा व उसके परिजन आक्रोशित थे। साथ ही, इलाके में CNT और मजीयस जमीनों की खरीद-फरोख्त को लेकर सोमा मुण्डा द्वारा लगातार विरोध किए जाने से कई जमीन कारोबारी भी नाराज थे। दिसंबर 2025 में ग्राम जियारप्पा की जमीन को लेकर हुए विवाद के बाद सोमा मुण्डा द्वारा पुनः 03 जनवरी 2026 को सिलापट्ट गाड़ने की घोषणा ने साजिश को जन्म दिया।

पुलिस के अनुसार, दानियल संगा ने अपने भतीजे सुमित दगल सांड और उसके सहयोगी मारकुस संगा के माध्यम से हत्या की योजना बनाई। मारकुस संगा को हत्या के लिए 50,000 (25,000 स्वयं और 25,000 जमीन कारोबारी के माध्यम से) देने का वादा किया गया।

फर्जी नंबर प्लेट लगी पल्सर मोटरसाइकिल, देशी पिस्टल और गोली उपलब्ध कराई गई। पुलिस ने बताया कि कांड में संलिप्त अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। रक्ळ की इस कार्रवाई को खूँटी पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## नगर परिषद (आम) निर्वाचन-2026 की घोषणा, उपायुक्त ने साझा किया पूरा कार्यक्रम

**संवाददाता**



**चतरा:** नगर परिषद (आम) निर्वाचनझ2026 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी ने बुधवार को समाहरणालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर निर्वाचन से जुड़ी सभी अहम जानकारियाँ मीडिया के समक्ष रखीं।उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड, रांची के प्रेस नोट संख्याझ187, दिनांक 27 जनवरी 2026 के आलोक में चतरा नगर परिषद क्षेत्र में नगर परिषद (आम) निर्वाचनझ2026 कराया जाएगा।उपायुक्त ने जानकारी दी कि चतरा नगर परिषद क्षेत्र में कुल 22 वार्ड हैं, जहाँ वार्ड पार्षदों एवं नगर परिषद अध्यक्ष का प्रत्यक्ष निर्वाचन गैर-दलीय आधार पर संपन्न होगा। नगर परिषद क्षेत्र में कुल 35,562 मतदाता हैं, जिनमें 17,525 पुरुष एवं 18,037 महिला मतदाता शामिल हैं।

निर्वाचन के लिए 22 वार्डों में कुल 42 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो 26 मतदान केंद्र भवनों में संचालित होंगे।

प्रेस वार्ता में निर्वाचन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 28 जनवरी को कर दिया गया है। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 29 जनवरी से 4 फरवरी 2026 तक पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चलेगी। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 5 फरवरी 2026 को की जाएगी, जबकि अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि 6 फरवरी 2026 निर्धारित है। निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।मतदान 23 फरवरी 2026 (सोमवार) को प्रातः 7 बजे से अपराह्न 5 बजे तक कराया जाएगा, वहीं मतगणना 27 फरवरी 2026 (शुक्रवार) को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी।नाम निर्देशन पत्र नगर परिषद के विभिन्न कक्षों में वार्डवार निर्धारित कमरों में लिए जाएंगे, जबकि नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन की प्रक्रिया अपर समाहर्ता कार्यालय कक्ष में संपन्न कराई जाएगी।मतदाता पहचान के संबंध में उपायुक्त ने बताया कि जिन मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है, वे निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य 12 वैकल्पिक दस्तावेजों यथा आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, बैंक/डाकघर पासबुक, एनपीआर कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा कार्ड, पेंशन दस्तावेज आदि में से किसी एक के माध्यम से अपनी पहचान प्रमाणित कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि निर्वाचन की घोषणा के साथ ही नगर परिषद क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है, जिसका सभी राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों एवं संबंधित व्यक्तियों को कड़ाई से पालन करना होगा।अंत में उपायुक्त ने मतदाताओं से लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता निर्भीक, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।प्रेस वार्ता के दौरान निवार्ची पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर आधी रात सड़क हादसा

- कोयला लदा ट्रेलर मकान में घुसा, बाउंड्री वॉल टूटी, लाखों का नुकसान

**संवाददाता**



खूंटी : सिमडेगा मुख्य पथ पर तोरपा रोड स्थित पीपल चौक और बद्री चौक के बीच शिव आटा चक्की के समीप बीती आधी रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कोयला लदा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर मकान की बाउंड्री वॉल तोड़ते हुए आंगन में जा घुसा, जिससे मकान मालिक को भारी नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात करीब 12 बजे ट्रेलर (संख्या खल 09 इङ 5698) छत्तीसगढ़ से बंगाल की ओर जा रहा था। इसी दौरान शिव आटा चक्की के पास ट्रेलर का ब्रेक फेल हो गया और चालक को झपकी आ गई। ट्रेलर सड़क के बाईं ओर बिजली के पोल को तोड़ते हुए शिव कुमार भगत के मकान के बाउंड्री वॉल को ध्वस्त कर सीधे आंगन में घुस गया। इस हादसे में मकान मालिक शिव कुमार भगत के बगीचे में लगी फूलों की पूरी फुलवारी तहस-नहस हो गई। उन्होंने बताया कि तेज आवाज सुनकर जब वे बाहर निकले तो देखा कि ट्रेलर उनके घर के अंदर घुसा हुआ है। उनके अनुसार ट्रेलर काफी तेज रफ्तार में था और हादसे से पहले कई वाहनों को टक्कर मारने से बाल-बाल बचा। घटना के दौरान ट्रेलर की चपेट में आने से एक बाइक सवार को भी मामूली चोटें आई हैं। वहीं ट्रेलर चालक विकास कुमार सिंह को भी हल्की चोटें लगी हैं। मकान मालिक के अनुसार इस दुर्घटना में उन्हें लगभग एक लाख रुपये तक का आर्थिक नुकसान हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही खूंटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रेलर चालक को पूछताछ के लिए थाना ले गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई बड़ा जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, वरना तेज रफ्तार ट्रेलर से बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

## डब्ल्यूसीएसएफ चैरिटीस्पिरिट फाउंडेशन ने की समीक्षा बैठक



चतरा : डब्ल्यूसीएसएफ चैरिटीस्पिरिट फाउंडेशन के तत्वावधान में संस्था कार्यालय बाकचोमा, सिमरिया में एक महत्वपूर्ण समीक्षा एवं योजना बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्था की निदेशक उमा देवी के द्वारा की गई। बैठक का उद्देश्य झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों में संस्था द्वारा संचालित कार्यक्रमों की प्रगति का आकलन करना तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा करना रहा।बैठक के दौरान झारखंड के विभिन्न जिलों में चल रहे सामाजिक विकास, महिला सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। क्षेत्रीय स्तर पर प्राप्त अनुभवों, चुनौतियों एवं उपलब्धियों पर गहन विमर्श किया गया तथा कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस बैठक में संस्था से जुड़ी सक्रिय सदस्यों एवं कार्यकताओं की उपस्थिति रही, जिनमें अनीता गुड़िया, अलीना गुप्ता, अनीमा तिर्की, निशा देवी, सोनिया तिर्की, सुमित्रा देवी, सोमारी मुंडा, लक्ष्मी लोहरा, तानिया आर्य एवं नीलम होरो शामिल रहीं। सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित अनुभव साझा किए और महिला आजीविका कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए सुझाव प्रस्तुत किए।बैठक में विशेष रूप से चतरा जिला पर केंद्रित चर्चा करते हुए यह निर्णय लिया गया कि जिले के प्रत्येक प्रखंड में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटीशियन प्रशिक्षण एवं हस्तशिल्प (हैंडिक्राफ्ट) निर्माण से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

## रांची में हाथियों का उत्पात, आधी रात घर ध्वस्त, बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल

**संवाददाता**



**रांची :** जिला रांची के बेड़ो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोरंडा पीपर टोली में बीती रात हाथियों के एक बड़े झुंड ने भारी उत्पात मचाया। रात्रि लगभग 12 से 1 बजे के बीच करीब 20 हाथियों के झुंड ने एक रिहायशी घर पर हमला कर उसे पूरी तरह गिरा दिया। इस घटना में घर में मौजूद एक बुजुर्ग महिला को गंभीर चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घर स्वर्गीय मोहर नाथ शर्मा का था, जहां उस समय परिवार के सभी सदस्य घर पर ही मौजूद थे। घटना के वक्त घर में माता श्रीमती अंबिका देवी, उनके पुत्र राजकिशोर शर्मा, बीना देवी, श्रीकांत शर्मा, राघव शर्मा, रीना शर्मा तथा बहन मुक्ता देवी और जय देवी उपस्थित थीं। हाथियों के अचानक हमला करने से घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान माता श्रीमती अंबिका देवी के सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गईं। परिजनों ने किसी तरह उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग और प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा, घायल महिला के बेहतर इलाज की व्यवस्था, तथा गांव में हाथियों से सुरक्षा के लिए स्थायी कदम उठाने की मांग की है।

# चतरा में 'गजराज' का कहर : वन विभाग के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, मुख्य मार्ग घंटों से जाम

- मौत के तांडव से दहला सोनपुर
- एक और घायल मजदूर ने तोड़ा दम
- मुआवजे और सुरक्षा की मांग पर अड़े ग्रामीण

**संवाददाता**



चतरा। जिले के सदर थाना क्षेत्र के सोनपुर पंचायत क्षेत्र के बरवाडीह मंजराही गांव के समीप नवोदय कर्म मोड़ पर बीते दिनों जंगली हाथियों के खूनी संघर्ष ने जन-आंदोलन का रूप ले लिया। हाथियों के हमले में घायल एक और युवक विकास भुइयां की मौत के बाद ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। वन विभाग की कथित लापरवाही और 'कुंभकर्णी नींद' के खिलाफ सैकड़ों ग्रामीणों ने बुधवार को चतरा-सिमरिया मुख्य मार्ग को कुंदरी के पास पूरी तरह जाम कर दिया। गुस्साए ग्रामीणों का साफ कहना था कि जब तक मुआवजा हाथों में नहीं मिलता और हाथियों को भगाने का ठोस इंतजाम नहीं होता, तब तक सड़क से एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे।चतरा का कुंदरी इलाका सुबह से ही रणक्षेत्र बना हुआ रहा। दोपहर को सदर थाना प्रभारी अवधेश सिंह पहुंचे। जहां उन्होंने लोगों को समझाने का प्रयास किया। परंतु हाथियों के आतंक से सहमे और अपनों को खो चुके ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर था। काफी जद्दोजहद के बात बुधवार की देर रात करीब 01 बजे वन विभाग के रेंजर सूर्यभूषण कुमार मौके पर पहुंचे। वन विभाग के अधिकारीयों ने ग्रामीणों से बात की। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कागजी प्रक्रिया को आगे बढ़ाईए। एक सप्ताह के अंदर वन विभाग पीड़ित परिवारों मुआवजा भुगतान कर देगी। तब जाकर ग्रामीणों ने जाम हटाया गया। आपको बताते चलें कि बीते दिनों हाथियों के हमले में मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग घायल हो गए थे। जिसमें मनोज भुइयां की मौके पर मौत हो गई थी, वहीं गंभीर रूप से घायल विकास भुइयां ने भी हजारीबाग में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दो मौतों और कई जानवरों के मारे जाने के बाद सोनपुर और रामपुर के ग्रामीण अब आर-पार की लड़ाई के मूड में थे। बीती रात भी हाथियों ने सोनपुर गांव में घुसकर कई पालतू जानवरों को बेरहमी से मार डाला और फसलों को तबाह कर दिया है। सड़क जाम होने के कारण चतरा-सिमरिया मार्ग पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## न्यूज IN ब्रीफ

### नगर निकाय चुनाव: खूंटी नगर पंचायत में 19 वार्ड, 23 फरवरी को होगा मतदान



**खूंटी :** आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर खूंटी उपायुक्त सभागार में उपायुक्त आर. रोनिता की अध्यक्षता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रेस वार्ता के दौरान उपायुक्त ने नगर पंचायत चुनाव से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उपायुक्त आर. रोनिता ने बताया कि इस बार खूंटी नगर पंचायत में कुल 19 वार्ड होंगे। पूर्व में नगर पंचायत में 17 वार्ड थे, जिन्हें बढ़ाकर अब 19 कर दिया गया है। वहीं, चुनाव को लेकर कुल 20 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 30 मतदान केंद्र (मतदान स्थल/बूथ) स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस बार नगर पंचायत चुनाव में कुल 28,719 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 13,672 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 15,047 है। ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या शून्य है। नामांकन प्रक्रिया 29 जनवरी से शुरू होकर 4 फरवरी तक चलेगी, जिसमें प्रत्याशी शाम 3 बजे तक अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 5 फरवरी को नामांकन पत्रों की समीक्षा की जाएगी। वहीं, 6 फरवरी को उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद 7 फरवरी को प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा। मतदान 23 फरवरी को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा, जबकि मतगणना 27 फरवरी को की जाएगी। आरक्षण की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने बताया कि खूंटी नगर पंचायत के 19 वार्डों में से 10 वार्ड अनारक्षित रखे गए हैं, जिनमें से 5 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। इसके अलावा 1 वार्ड अत्यंत पिछड़ा वर्ग, 1 वार्ड अनुसूचित जाति तथा 7 वार्ड अनुसूचित जनजाति के लिए अनारक्षित रखे गए हैं। इनमें से 3 वार्ड अनुसूचित जनजाति महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित किए गए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### चार दिवसीय प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन का भव्य शुभारंभ

**230 प्रधानाचार्य बनाएंगे सत्र 2025-26 की कार्ययोजना**



चतरा : जय मंगल पांडे की शहादत भूमि एवं राजा राम मोहन राय की कर्मभूमि चतरा के दीभा स्थित इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर के विशाल सभागार में विद्या विकास समिति, झारखंड के तत्वावधान में चार दिवसीय प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन का विधिवत एवं गरिमामयी शुभारंभ बुधवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संघ के संस्थापक व पूर्व सरसंघचालकों पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार, सदाशिव गोलवलकर, मधुकर दत्तात्रेय देवरस, रज्जू भैया एवं के. एस. सुदर्शन को श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात अखिल भारतीय महामंत्री देशराज शर्मा, अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्माजी राव, विद्या विकास समिति झारखंड के क्षेत्रीय मंत्री रामअवतार नरसरिया, प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक डॉ. विजय अग्रवाल एवं अध्यक्ष संतन पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में अतिथि परिचय स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार सिंह ने किया।कार्यक्रम में जानकारी देते हुए प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा ने बताया कि सत्र 2025झ26 का यह प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन स्थानीय इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर के आतिथ्य में आयोजित हो रहा है, जिसमें झारखंड प्रांत के विभिन्न जिलों से आए कुल 230 प्रधानाचार्य अपने-अपने विद्यालयों की वार्षिक कार्ययोजना तैयार करेंगे। सम्मेलन के प्रथम दिन प्रधानाचार्य की भूमिका, विद्या भारती योजना, उत्कृष्ट विद्यालय का स्वरूप, विद्या भारती के विभिन्न आयाम, राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा डिजिटल कंटेंट आधारित शिक्षा पर विस्तृत चर्चा की गई।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विद्यालय के भैया-बहनों एवं आचार्यों द्वारा तैयार हस्तलिखित पत्रिका ह्लसमिधाह्व का विमोचन अतिथियों के कर कमलों द्वारा किया गया। इसके पश्चात सरस्वती विद्या मंदिर, बाघमारा के प्रधानाचार्य संतोष कुमार झा ने अपने मधुर एकल गीत से वातावरण को भावविभोर कर दिया। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय महामंत्री देशराज शर्मा ने शिक्षा की संकल्पना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्या भारती की पंचकोषीय अवधारणा—विशेषकर अन्नमय एवं प्राणमय धारणा—पर सारगर्भित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में छात्रों को संस्कारयुक्त शिक्षा देना समय की आवश्यकता है और विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। यहां से निकले भैया-बहन विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में झारखंड प्रांत के आठों विभागों से आए विभाग निरीक्षक, सर्वव्यवस्था प्रमुख सह पलामू विभाग के निरीक्षक अखिलेश कुमार, सह-व्यवस्था प्रमुख ओमप्रकाश सिन्हा, कार्यक्रम संयोजक सह कोषाध्यक्ष मुकेश साह, सचिव संजय सिन्हा, जिला संचालक मोतीलाल अग्रवाल, जिला प्रचारक संतोष जी सहित विभिन्न जिलों के प्रधानाचार्य, आचार्य-आचार्याएँ एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन पलामू विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार ने किया।

### हंटरगंज में दो बाइक की टक्कर में युवक घायल



चतरा : बिहार राज्य के सीमावर्ती चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के चतरा - डोभी मुख्य पथ एनएच 22 पर स्थित चतरा बस स्टैंड के समीप बुधवार दोपहर 12 बजे एक बार फिर से तेज रफ्तार ने कहर बरपाया है। मिली जानकारी के मुताबिक तेज रफ्तार में दो बाइक की टक्कर में एक बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगो ने घायल युवक को आनन - फानन में हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए बिहार के गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान प्रतापपुर थाना क्षेत्र के प्रकाशबागी निवासी शंकर भारती के 21 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक बाइक पर सवार होकर प्रतापपुर से बिहार का डोभी जा रहा था। इसी दौरान चतरा बस स्टैंड हंटरगंज के समीप चतरा - डोभी मुख्य पथ पर में एक अज्ञात बाइक की चपेट में आ गया।जिससे युवक सड़क पर गिर पड़ा, और घायल हो गया। जिसके उसके बायां पैर और बायां हाथ में गंभीर चोट आई है।

### खूंटी जिले में बिजली चोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई, दो दिनों में कई उपभोक्ताओं पर जुर्माना



**खूंटी :** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड मुख्यालय के निर्देश पर दिनांक 27 एवं 28 जनवरी को खूंटी जिले में बिजली चोरी के खिलाफ दो दिवसीय विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व सहायक विद्युत अभियंता (तोरपा) आनंद कच्छप, सहायक विद्युत अभियंता (खूंटी) शैलेश कश्यप एवं कनीय अभियंता (खूंटी/तोरपा) अमित कुमार ने संयुक्त रूप से किया। अभियान में तोरपा, खूंटी एवं कर्रा प्रखंडों के सभी विभागीय कर्मचारी शामिल रहे। इस दौरान कई स्थानों पर अवैध रूप से बिजली उपयोग करते हुए उपभोक्ताओं को चिन्हित किया गया और उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। जिले के विद्युत कार्यपालक अभियंता जेम्स कुजूर ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ यह अभियान प्रत्येक सप्ताह दो दिन जिले के अलग-अलग प्रखंडों में लगातार चलाया जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे बिजली चोरी से बचें, अन्यथा विद्युत अधिनियम के तहत जुमार्ने के साथ एक वर्ष तक की सजा का भी प्रावधान है। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।




## अवधेश बैठा वार्ड पांच के प्रत्याशी बनाया गया

**रांची :** राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी निपु सिंह ने गुरुवार को सुबह दस बजे अपना आवास बूटी मोड़ शिवाजी नगर में राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के वार्ड पांच के पार्षद प्रत्याशी अवधेश बैठा उर्फ टार्जन को बनाया ।

श्री सिंह ने कहा कि मजबूती के साथ पार्टी चुनाव लड़ेगी और समाज में दुख सुख में साथ देने वाले प्रत्याशियों को पार्टी समर्थन करेगी और हमारा पहली प्राथमिकता रहेगी जनता की झूठा वादा न करना और सभी जाति धर्म को लेकर ईमानदारी पूर्वक चुनाव लड़ना और नगर निगम में दलालों के अड्डा को खत्म करना यह मेरा पार्टी की मुख्य कार्य रहेगा और श्री सिंह ने कहा कि हमारा पार्टी में तेजी से युवा जुड़ रहे हैं और सभी युवा ईमानदारी पूर्वक जोश के साथ कार्य कर रहे हैं और श्री सिंह ने कहां की हमारी पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से ही जुट गई है वहां के विधानसभा में सभी को अच्छा रिजल्ट देखने को मिलेगा ।

## नगरपालिका चुनाव में समन्वय व मतदाता जागरूकता पर जोर

**रांची :** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में विभिन्न निर्वाचन कोषांगों के वरीय एवं प्रभारी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान उपायुक्त श्री भजन्त्री ने सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए अपने-अपने दायित्वों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता के लिए सभी कोषांगों के बीच बेहतर आपसी समन्वय, सतत समीक्षा एवं त्वरित निर्णय अत्यंत आवश्यक है।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन से जुड़े प्रत्येक स्तर के पदाधिकारी एवं कर्मी निष्पक्षता, पारदर्शिता और आदर्श आचार संहिता के अनुरूप कार्य करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

बैठक में मतदाता जागरूकता पर विशेष बल देते हुए उपायुक्त श्री भजन्त्री ने निर्देश दिया कि विभिन्न प्रचार-प्रसार माध्यमों के जरिए अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

इस दौरान निर्वाचन कोषांग, कार्मिक कोषांग, मतपत्र एवं मतपेटिका कोषांग, सामग्री कोषांग, परिवहन कोषांग, विधि व्यवस्था-सह-आचार संहिता कोषांग, हेल्पलाइन एवं जनशिकायत कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, मीडिया कोषांग, निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग, सूचना तकनीकी कोषांग एवं नियंत्रण कोषांग सहित सभी कोषांगों के कार्यों एवं तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में सभी संबंधित कोषांगों के वरीय/प्रभारी पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि समस्याओं के त्वरित समाधान, नियमित रिपोर्टिंग और आपसी समन्वय के माध्यम से नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को पूरी तरह सफल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए।

## चुनाव के दौरान अपराधियों पर विशेष निगरानी का निर्देश

**रांची :** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन तथा आदर्श आचार संहिता के शत-प्रतिशत अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर पारस राणा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रवीण पुष्कर, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, उप प्रशासक रांची नगर निगम संजय कुमार सहित अनुमंडल पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मंजूनाथ भजन्त्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रकार के कृत्य को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने जमानत पर रिहा अपराधियों एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश देते हुए कहा कि समाज में अशांति फैलाने अथवा चुनावी माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध त्वरित एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने शस्त्र अनुज्ञप्ति धारकों को निर्वाचन अवधि के दौरान अपने शस्त्र निर्धारित समय सीमा के भीतर जमा कराने के लिए प्रभारी आर्म्स मजिस्ट्रेट को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, अवैध हथियारों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में निर्वाचन के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, एसएसटी द्वारा सघन वाहन जांच, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक सामग्री की निगरानी, अवैध शराब एवं नकद लेन-देन पर कड़ी नजर रखने के निर्देश भी दिए गए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री भजन्त्री ने सभी पदाधिकारियों से आपसी समन्वय एवं सतर्कता के साथ कार्य करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने की अपील की तथा राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड के दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा।

## लाला लाजपत राय को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची :** पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की 161 वीं जयंती पर पंजाबी हिंदू बिरादरी, सिख समाज एवं अन्य वर्ग के लोगों ने श्रद्धांजलि दी। महात्मा गांधी मार्ग पर स्थित लाला लाजपत राय चौक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर पंजाबी हिंदू बिरादरी के महासचिव राजेश मेहरा, राजेश खन्ना, रणदीप आनंद,अरुण चावला, रवि पराशर, कुणाल अजमानी, देवेश अजमानी, मदन सेन कुजारा, आशीष भाटिया, अजय सखूजा, अशोक माकन, दीपक खोसला, राकेश जग्गी, पृथ्वीराज भाटिया, हरजीत जग्गी, प्रवीण जग्गी, विजय खन्ना, प्रवीण आनंद, सूरज छाबड़ा,अश्विनी मोहन, वीरेंद्र कैंथ, प्रोफेसर हरविंदर वीर सिंह, अजीत सिंह जग्गी, विनोद सलूजा, वेद प्रकाश बुद्धिराजा, प्रशांत गौरव, दीपेश पाठक, विकास सिंह, बिरसा तिर्की आदि सहित बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम में शरीक होकर अपनी सहभागिता दी।

# प्री-बोर्ड परीक्षा का हुआ शुभारंभ,डीसी ने लिया जायजा

**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जेएसी) द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा 2026 की सुदृढ़ तैयारी को लेकर रांची जिला प्रशासन ने एक बड़ी पहल करते हुए जिले के विद्यार्थियों के लिए प्री-बोर्ड परीक्षा का शुभारंभ किया। परीक्षा की शुरूआत उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा ऑनलाइन माध्यम से संबंधित ग्रुप में प्रश्नपत्र भेजकर की गई।



यह प्री-बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 में नामांकित एवं जेएसी पोर्टल पर पंजीकृत जिले के सभी सरकारी एवं सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लगभग 26,000 छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की जा रही है। जिला प्रशासन की प्रोजेक्ट टीम द्वारा विकसित जेएसी प्रारूप के अनुसार एमसीक्यू आधारित प्रश्नपत्र एवं ओएमआर शीट का ऑनलाइन प्रेषण किया गया, जिसे विद्यालय प्रबंधन द्वारा मुद्रित कर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में हिंदी तथा द्वितीय पाली में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 97 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 29 जनवरी को अंग्रेजी एवं विज्ञान तथा 31 जनवरी को गणित एवं संस्कृत अथवा क्षेत्रीय भाषा की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निदेर्शानुसार प्री-बोर्ड परीक्षा के पश्चात फरवरी के प्रथम सप्ताह तक परीक्षाफल की समीक्षा की जाएगी। कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन कर उन्हें सुदृढ़ तैयारी का अवसर प्रदान किया जाएगा, ताकि जिले में शत-प्रतिशत परीक्षाफल का लक्ष्य हासिल किया जा सके। उल्लेखनीय है कि जेएसी द्वारा बोर्ड परीक्षा 2026 की तिथि 24 फरवरी निर्धारित की गई है। इससे पूर्व विहित प्रारूप के प्रश्नपत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को ओएमआर शीट पर अभ्यास कराया जा रहा है, जिससे परीक्षा परिणाम और अधिक बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण हो सके। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी इसी तरह की पहल के माध्यम से रांची जिला राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान पर रहा था। इस वर्ष और बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# यूजीसी विनियम लाना समझ से परे, यह नियमावली सवर्णों पर सीधा प्रहार : सवर्ण मोर्चा

### नए यूजीसी नियमावली रॉलेट एक्ट की तरह, जिसे निरस्त करना जरूरी : सुनील कुमार सिंह!

**संवाददाता**

**रांची :** अखिल भारतीय सवर्ण मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव सुनील कुमार सिंह ने यूजीसी (यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमिशन) के नई नियमावली के संदर्भ में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी जी कहते हैं कि एक रहोगे, तो सेफ रहोगे और बटोगे तो कटोग उनका कहना बिलकुल सही है। पर जिस तरह से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी के द्वारा यूजीसी जैसे नई नियमावली बनाना यह समझ से परे है? यह विभेदपूर्ण नियमावली 2012में कांग्रेसी नेता दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में बनी थी, जिस नियमावली को आज फिर से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान



जी के द्वारा सवर्णों के विरुद्ध कड़े नियम के साथ लाया गया है, जो सवर्णों पर सीधा प्रहार है। ऐसे में हम फिर एक कैसे रह सकते हैं? सुनील कुमार सिंह ने यूजीसी के नई नियमावली को 1919 मे अंग्रेजों के बनाए कानून ₹रॉलेट एक्टर₹ की तरह बताया! जिसमें बिना वारंट, बिना किसी मुकदमे के (बिना वकील, बिना अपील, बिना दलील) 2 साल तक की सजा हो सकती थी। ताकि राष्ट्रवादियों को कुचला जा सके! ठीक उसी तरह नए यूजीसी नियमावली में प्रावधान किया गया है, जहां झूठा आरोप लगाने वाले को पूरी तरह से स्वतंत्र व आजादी दी गई है, जो सवर्ण के खिलाफ एक बहुत बड़ी साजिश है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसे तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाय? उन्होंने कहा कि सरकार जहां यूसीसी कानून यानी (कॉमन सिविल कोड) लाने की बात कर रही थी उसकी जगह समानता के नाम पर यूजीसी जैसे एक ऐसा नियमावली बनाया जाना पूरी तरह से विभेदपूर्ण है। कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस कदम से शिक्षा प्राप्त करने वाले सवर्ण समाज के बच्चों की सुरक्षा और भविष्य दोनों खतरे में पड़ सकते हैं। इस रॉलेट नियम के चलते सवर्ण बच्चों और शिक्षकों पर तनाव और कानूनी भय हमेशा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि यह नियम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का सीधा उल्लंघन करता है, यह विनियम सवर्ण विरोधी है एवं इसमें विनियम समानता नहीं, समान वर्ग को डिफॉल्ट अपराधी की तरह बनाता है, और निष्पक्षता के विरुद्ध है, जो जातिगत भेदभाव की झूठी शिकायतों पर कोई सजा नहीं देता है बल्कि, झूठी शिकायतों से छात्र-छात्राओं तथा सवर्ण शिक्षकों का कैरियर बर्बाद हो जाता है, और आरक्षण की तरह शिक्षण संस्थानों में भी एक तरफा पॉलिसी है।

## तुंकू विकास मेला में उमड़ी भीड़, हेमंत सरकार जनभावनाओं के अनुसार काम कर रही है : अमित महतो



**संवाददाता**

**सिल्ली:** हेमंत सरकार नेताओं की भावना से नहीं बल्कि राज्य की भावना से काम कर रही है. ये बातें जनता जानती हैं क्योंकि हमारे लिए जनता सबसे महत्वपूर्ण है. विपक्ष का काम सिर्फ अपवाएं फैलाना और नकारात्मकता बेचना है उक्त बातें स्थानीय विधायक अमित महतो ने बुधवार को प्रखंड के तुंकू में आयोजित झारखंड विकास में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा. मेला समिति की ओर से टुसु एंव मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता तथा छऊ नृत्य आयोजन किया गया है. बंगाल के सुप्रसिद्ध छऊ नृत्य उस्ताद कार्तिक सिंह मुंडा बनाम डा0 सुषेण सिंह मुंडा द्वारा छऊ नृत्य के माध्यम से महाभारत के प्रमुख युद्ध दृश्यों जैसे अर्जुन-कर्ण युद्ध को बड़े और विस्तृत मुखौटों के साथ प्रस्तुत किया जो मेला का मुख्य आकर्षक का केंद्र रहा. टुसु प्रतिभागियों अतिथियों के हाथों नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.मेला में सामुदायिक अस्पताल सिल्ली के डॉ विवेक कुमार ने लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की और दवाइयां दी.संचालन सुषेण महतो ने किया. मेला आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक सतीश कुमार अध्यक्ष अनिल कुमार महतो उपाध्यक्ष विकल लोहरा सचिव सुषेण महतो एंव उप सचिव भरत महली आदि ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा.मौके पर पूर्व जिप सदस्य संपत्ति देवी सेवानिवृत शिक्षक श्रीपद महतो महादेव महतो राधामोहन महतो शंभू महतो गंभीर महतो आदि उपस्थित थे।

# झारखंड राज्य किसान सभा का प्रतिनिधि टीम गुंटूर रवाना



**संवाददाता**

**मुरी :** अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अधिवेशन 30,31, जनवरी,1 फरवरी गूंटूर, आंध्रप्रदेश के लिए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो, महासचिव सुरजीत सिन्हा, राज्य किसान कौंसिल सदस्य मदुवा कच्छप, शंकर उरांव रांची स्टेशन से एलएपी एक्सप्रेस से गुंटूर के लिए रवाना हुए। इसके अलावे झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असिम सरकार एवं एहतेशाम अहमद अन्य ट्रेन से गुंटूर के लिए रवाना हो गए हैं। अखिल भारतीय किसान सभा का उक्त राष्ट्रीय अधिवेशन जिसमें देश के सभी राज्यों से चयनित प्रतिनिधि भाग लेंगे एवं देश के किसानो के एम्एस एस, कर्ज माफी, हाथियों के आतंक, किसान विरोधी 4 लेबर कोड,बिज और बिजली विधेयक, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के खत्म करने, लगातार बढ़ रही किसान आत्महत्याएं,विदेशी कृषि उपज के लिए मुक्त भारतीय बाजार की नापाक कोशिश, कृषि सब्सिडी में कटौती,जबरन जमीन अधिग्रहण, पलायन, विस्थापन,पनपटटा , स्मार्ट मिटर सहित किसान मुद्दों पर देशव्यापी किसान आन्दोलन की रणनीति बनाया जाएगा ,साथ ही अखिल भारतीय किसान सभा के सांगठनिक मुद्दों निर्णय लिया जाएगा। 12 फरवरी ट्रेड यूनियनो के देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में किसान सड़कों मे उतर कर हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने पर भी विशेष रूप से निर्णय लिया जाएगा।



## संत कवि महिपाल बाबा का 119 वां जन्मोत्सव मना

**मुरी :** नागेडीह सिल्ली में संत कवि महिपाल बाबा के 119 वां जन्मोत्सव पर मुख्य अतिथि कुरमाली साहित्य कार रतन कुमार महतो ने उनके प्रतिमा पर मल्यार्पण किया। साथ ही महिपाल बाबा के वंशजों को सम्मानित किया गया। डॉ मनोरमा,डॉ गीता, डॉ वृन्दा वन, डॉ निभाई, डॉ विष्णु, डॉ मुन्ना राम ने ने सम्मान सामग्री भेंट किया। पलासडीह, खलारी, रायकोचा, गोडाडीह, बुढाबेहरा से आए संगीत प्रेमियों एवं महिलाओं ने गीत संगीत के साथ नृत्य प्रस्तुत किया।इसे सफल बनाने में आयोजक राजेन, जोगेन, श्री कांत, कालीपद अंगद की सराहनीय भुमिका रही। संवाद किता के चंडी महतो ने किया।

## मेला में बैखौफ खेला जा रहा है हब्बा डब्बा

**मुरी :** झारखंड विकास मेला तुन्कु सिल्ली में संगठित रूप से मेला में बगैर प्रशासन की डर भय के हब्बा डब्बा जुआ धडडले से चला इसमें काफी संख्या में लोग अपने दांव लगाए। मेला कमेटी को इसमें अच्छा उगाही का जरिया बन गया । इसमें प्रशासन की भी चांदी रहती है। इसलिए वे अनजान बने रहते हैं। तुन्कु के मुखिया से पुछने पर अपनी जिम्मेदारी वारी से पलड़ा झाडते हुए मेला आयोजकों का नाम लेकर जिम्मेवार ठहराते है। हलांकि मेला का मुख्य अतिथि बिधायक उपस्थित थे। पुरे प्रशासन की मौजूदगी में हब्बा डब्बा का खेल कानून के मुंह पर तमाचा है। हब्बा डब्बा का खेल को कोई भी परिवरिक आदमी अच्छा नहीं बोलता है। एक तरफ छौ नृत्य से मेला में मनोरंजन उठाने लोग आते हैं। दुसरी तरफ शराब की बिक्री, जुआ परोसा जाता है।

## नगर निकाय चुनाव तक निषेधाज्ञा लागू

**रांची :** राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड द्वारा नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 की घोषणा के बाद जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है। चुनाव के दौरान शांति, सुरक्षा और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, सदर रांची ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। यह निषेधाज्ञा चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत रांची नगर निगम (वर्ग-क) क्षेत्र में लागू रहेगी।

# उपायुक्त ने खेलकूद से जुड़े मुद्दों पर की समीक्षा की

**संवाददाता**

**रांची :** जिले में खेल सुविधाओं के विकास, रखरखाव और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में एक विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में खेल अवसंरचना को मजबूत करने, अवैध अतिक्रमण रोकने, स्टेडियमों की मरम्मत और प्रशिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में उप विकास आयुक्त सौरभ भुवनिया, जिला कल्याण पदाधिकारी संजय भगत, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, सदस्य सचिव सह जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह, पूर्व ओलंपियन मनोहर टोपनों सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण की समीक्षा :** जिन प्रखंडों में अब तक प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निर्माण नहीं हुआ है, वहां से प्रस्ताव, भूमि विवरणी एवं आवश्यक प्रतिवेदन तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिला खेल पदाधिकारी को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी से विवरण संकलित कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

**अवैध कब्जा व अनुशासनहीन गतिविधियों पर सख्ती :** इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम, मंदिर मैदान मोरहाबादी परिसर में मौजूद अवैध कब्जा तत्काल हटाने का आदेश दिया गया। साथ ही जिले के किसी भी स्टेडियम/खेल परिसर में नशा-पान, धूम्रपान या अन्य अनुशासनहीन गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए।

**मरम्मत व चारदीवारी निर्माण पर जोर :** इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम, मोरहाबादी की क्षतिग्रस्त चारदीवारी की शीघ्र मरम्मत तथा सिल्ली स्टेडियम परिसर और छात्रावास में चारदीवारी निर्माण व आवश्यक मरम्मत कार्य तत्काल शुरू कराने का निर्देश दिया गया। पूर्व में निर्मित सभी स्टेडियमों/खेल परिसरों की विस्तृत जांच कर जहां आवश्यकता हो वहां मरम्मत कराने के लिए समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया।

**प्रशिक्षण व्यवस्था व आवासीय केंद्र :** जिले के सभी प्रशिक्षकों को अपने-अपने केंद्रों में नियमित और अनुशासित प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, जिलांतर्गत संचालित सभी आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों में भोजन, रसद आदि की आपूर्ति की स्थिति पर रिपोर्ट तलब की गई। मार्च 2026 के प्रथम सप्ताह तक निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर आपूर्ति व्यवस्था सुचारू करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त श्री भजन्त्री ने कहा कि खेल अवसंरचना का विकास युवाओं के सर्वांगीण विकास, स्वास्थ्य संवर्धन और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा प्रदर्शन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों से निर्देशों के समयबद्ध अनुपालन की अपेक्षा करते हुए कहा कि लक्ष्य रांची को खेल के क्षेत्र में प्रदेश का अग्रणी जिला बनाना है।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## धर्मेंद्र प्रधान जो सच स्वीकारना नहीं चाह रहे!

यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) द्वारा अधिसूचित 'उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम, 2026' ने देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था को गंभीर असमंजस में डाल दिया है। सरकार इसे समानता और सामाजिक न्याय की दिशा में बड़ा सुधार बता रही है, किंतु विश्वविद्यालय परिसरों में इसका असर इसके ठीक उलट दिखाई दे रहा है। वस्?तुतः देश के अनेक हिस्सों में छात्र, शिक्षक और शैक्षणिक संगठन सड़कों पर उतर आए हैं। दिल्ली के जेएनयू और डीयू में कक्षाओं का बहिष्कार, मुंबई के आईआईटी बॉम्बे में धरना, भोपाल के बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में प्रशासनिक भवन घेराव जैसे अनेक विरोध देशभर में जनवरी 2026 से तेज हो चुके हैं। अब तक लाखों छात्र सड़क पर आकर अपना विरोध दर्ज करा चुके हैं, साफ समझ आ रहा है कि यह असंतोष 'प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस, 2026' नियमों की एकतरफा भाषा और संरचना का परिणाम है। जब विरोध तेज हुआ और राजनीतिक दबाव बढ़ा, तब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मीडिया के सामने आए। 27 जनवरी को दिए बयान में उन्होंने कहा, ₹किसी भी वर्ग के साथ भेदभाव या उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। न तो यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन, न केंद्र या राज्य सरकार किसी कानून का दुरुपयोग होने देगी। पूरी व्यवस्था संविधान के दायरे में रहेगी।₹ सुनने में यह बयान संतुलित लगता है, लेकिन समस्या यह है कि यह उस नियम से मेल नहीं खाता जिसे लेकर पूरा विवाद खड़ा हुआ है। मंत्री का आश्वासन कागजी है क्योंकि नियम 3(सी) सामान्य वर्ग को असुरक्षित छोड़ देता है। यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के नए नियमों के तहत प्रत्येक विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में समानता समिति और समानता दस्ता का गठन अनिवार्य है। 24७७ हेल्पलाइन और शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करना होगा। जाति आधारित भेदभाव पर त्वरित कार्रवाई, उल्लंघन पर संस्थान की मान्यता रद्द या अनुदान रोकने की सजा- ये प्रावधान कागजों पर प्रभावी लगते हैं। किंतु वास्तविक विवाद नियम 3(सी) से उत्पन्न होता है। इसमें जाति आधारित भेदभाव की परिभाषा केवल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग तक सीमित है। यदि इन वर्गों का कोई छात्र सामान्य वर्ग के छात्र या शिक्षक पर आरोप लगाएगा तो शिकायत प्राइमा फेसी अपराध मानी जाएगी। 24 घंटे में जांच, तत्काल निलंबन संभव। लेकिन उल्टा होने पर सामान्य वर्ग का ब्राह्मण, क्षत्रीय, कायस्?थ, वैश्?य या अन्य छात्र जातिगत अपमान का शिकार होता है तो उसके लिए यहां कोई स्पष्ट संरक्षण प्रदान नहीं किया गया है।

तथ्य प्रमाणः यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन अधिसूचना (राजपत्र अधिसूचना 2026/एचई/12) के पृष्ठ 5 पर नियम 3(सी) स्पष्ट लिखा है- ₹अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रों के विरुद्ध भेदभाव में मौखिक अपमान, सामाजिक बहिष्कार शामिल...₹। सामान्य वर्ग का जिक्र शून्य। सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका (रिट याचिका (सिविल) 2026/45, अभिषेक सिंह बनाम यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन) ने ठीक यही उद्धृत कर कहा कि यह अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता) का उल्लंघन है। याचिका में मांग है कि परिभाषा सभी वर्गों के लिए हो।

इस व्यवस्था का सबसे खतरनाक परिणाम उच्च शिक्षा में 'आरोप की संस्कृति' को बढ़ावा मिलेगा। बिना ठोस प्रमाण सिर्फ शिकायत पर निलंबन। सामान्य वर्ग के लिए अपील तंत्र पूरी तरह कमजोर दिखता है या कहें, है ही नहीं तो कुछ गलत नहीं होगा । राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो आंकड़े 2025 के अनुसार, परिसरों में जातिगत शिकायतों के मामलों में दुरुपयोग सिद्ध हुआ, जोकि सामान्य वर्ग के खिलाफ थे।

उदाहरण 1ः आईआईटी कानपुर (2024)- अनुसूचित जाति छात्र ने ब्राह्मण पीएचडी छात्र पर 'सवर्ण अहंकार' का आरोप लगाया। बिना जांच निलंबन कर दिया गया; न्यायालय ने बाद में बरी किया, किंतु जब तक उस छात्र के दो साल बर्बाद हो च?ुके थे, मानसिक प्रताड़ना, आर्थ?िक हानि के साथ पूरा परिवार दो वर्ष की न?याय की आस में न?यायालय, पुलिस प्रशासन और आईआईटी कानपुर के चक?कर लगाता रहा।

उदाहरण 2ः जेएनयू (2022)- अन्य पिछड़ा वर्ग छात्र की सामान्य वर्ग प्रोफेसर पर शिकायत पर विभागीय जांच हुई लेकिन उल्टा केस खारिज, प्रोफेसर साहब की कोई गलती नहीं पाई गई।

उदाहरण 3ः आईआईएम बैंगलोर (2023)- एससी छात्र ने जनरल कैटेगरी छात्र पर 'जातिवादी' होने का आरोप लगाया; ग्रुप प्रोजेक्ट से हटाया गया, बाद में कोर्ट में साबित हुआ कि लगाया गया आरोप झूठा है।

उदाहरण 4ः एआईआईएमएस दिल्ली (2024)- एसटी छात्र की सामान्य वर्ग इंटर्न पर 'भेदभाव' शिकायत; होस्टल से निकाला, जांच हुई तो सामान?य वर्ग का छोत्र निर्दोष सिद्ध हुआ।

उदाहरण 5ः बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (2025)- सामान्य वर्ग छात्र शिवम सोनकर को आरक्षण सीट न देने के नाम पर एससी संगठनों ने घेरा; दाखिला रुका। भोपाल एमएएनआईटी (2025)- एसटी छात्र ने जनरल छात्र को धमकाया, कोई कार्रवाई नहीं हुई। रोहिणी हत्याकांड (केरल विश्वविद्यालय, 2024) याद करें- सामान्य वर्ग लड़की को अनुसूचित जाति छात्रों ने जाति आधारित प्रताड़ना दी, लेकिन सुरक्षा अभाव में न्याय न मिला।

इस प्रकार के अनेक प्रकरण हैं, जिनमें जो पीड़?ित पक्ष था, वही जांच या न?यायालय से आरोपी सिद्ध हुआ, किंतु जब तक ये जांच चली सामान?य वर्ग के छात्र को चहुंओर से सिर्फ अपमान ही सहना पड़ा है। जो शिकायत कर्ता था अथवा जो पीड़?ित था, पता चला कि उसके एससी-एसटी होने के कारण से उसके जूठे पाए जाने के बाद भी उस पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। क?या ये न?याय का मजाक नहीं है?

संविधान का अनुच्छेद 14 सभी को कानून के समक्ष समानता देता है। अनुच्छेद 15(1) सभी नागरिकों के लिए जाति आधारित भेदभाव निषिद्ध करता है। सर्वोच्च न्यायालय के इंदिरा साहनी फैसले (1992) ने आरक्षण को 'सामाजिक न्याय' कहा, लेकिन 'रिवर्स भेदभाव' की मनाही की। यह नियम उसी का उल्लंघन है। अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) सुरक्षित वातावरण भी सुनिश्चित करता है। किंतु यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन इसे यहां तोड़ रहा है।

शिक्षा परिसर विचार-विमर्श का स्थान होना चाहिए, न कि डर का। यह नियम छात्रों को जातियों में बांटेगा। यह सामाजिक तनाव बढ़ाएगा। वास्?तव में धर्मेंद्र प्रधान का बयान तब तक अधूरा है जब तक नियम 3(सी) में सभी वर्गों को शामिल न किया जाए। सरकार को अधिसूचना वापस लेनी चाहिए या तटस्थ जांच तंत्र जोड़ना चाहिए। जूठी शिकायत पाए जाने पर कठोर दंड का प्रावधान करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी तो है, लेकिन स्थगन आदेश लगे बिना दुरुपयोग रुकेगा नहीं, यह तय है, इस बात को तो स्वयं धर्मेंद्र प्रधान को भी समझना चाहिए। वैसे धर्मेंद्र प्रधान की पृष्ठभूमि छात्र नेता की रही है, वे लम्?बे समय तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में कार्यरत रहे हैं, एक जिला इकाई से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर संगठन पदाधिकारी रहकर उन्होंने छात्रों की समस्?याओं को नजदीक से जाना और उन समस्?याओं के समाधान के लिए सतत संघर्ष किया है, इसलिए आज उनके न?याय की आस है। देखा जाए तो यह जो नियम आया है, इसकी कोई जरूरत नहीं थी, इसे आना ही नहीं चाहिए था, किंतु यदि सरकार को इतना ही जरूरी लगता है तो शिक्षा के स्तर पर जो समानता का नारा दिया जाता है, कम से कम इस नियम में उसी का पालन होता। अंत में यही कि न्याय सबके लिए होना चाहिए। अन्यथा, उच्च शिक्षा का भविष्य खतरे में है। सरकार सच स्वीकारे कि उससे गलती हुई, अब इसमें सुधार जितना शीघ्र हो उतना जल्दी करे, अन्यथा देश भर में यूजीसी द्वारा अधिसूचित 'उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम, 2026' के विरोध में आंदोलन और तेज होंगे।

# बजट 2026: ग्रीन एनर्जी को मिल सकती है नई उड़ान

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2030 तक 500 गीगावॉट नॉन-फॉसिल फ्यूल क्षमता हासिल करने और साल 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। इस बजट से ग्रीन एनर्जी क्षेत्र को कई उम्मीदें हैं, जो देश को स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में मजबूत बनाएंगी। सबसे पहले, ग्रीन एनर्जी क्षेत्र को उम्मीद है कि बजट में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दिया जाएगा।**

**विवेक शुक्ला**

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण आगामी 1 फरवरी 2026 को देश का आम बजट पेश करने वाली हैं। यह बजट भारत की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि देश तेजी से विकास कर रहा है और पर्यावरण की रक्षा भी जरूरी है। ग्रीन एनर्जी यानी साफ और नवीकरणीय ऊर्जा, जैसे सोलर, विंड और हाइड्रोजन, भारत के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2030 तक 500 गीगावॉट नॉन-फॉसिल फ्यूल क्षमता हासिल करने और साल 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। इस बजट से ग्रीन एनर्जी क्षेत्र को कई उम्मीदें हैं, जो देश को स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में मजबूत बनाएंगी। सबसे पहले, ग्रीन एनर्जी क्षेत्र को उम्मीद है कि बजट में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। भारत में सोलर पैनल, विंड टरबाइन और बैटरी स्टोरेज जैसी चीजों का उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं आ सकती हैं। अभी भारत इनमें से कई सामान आयात करता है, जो महंगा पड़ता है। भारत में ग्रीन एनर्जी सेक्टर के एक्सपर्ट और येमनोको लिमिटेड के प्रमुख शैलेन्द्र बेबोरठा ने बीते दिनों राजधानी में हुई इंटरनेशनल कांफ्रेंस के दौरान कहा था कि बजट में नई मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के लिए 15 प्रतिशत की रियायती आयकर दर फिर से शुरू की जा सकती है। इससे लोकल उत्पादन बढ़ेगा और नौकरियां पैदा होंगी। साथ ही, टेक्नोलॉजी और उपकरण विकास पर फोकस होगा, ताकि भारत आत्मनिर्भर बने। उदाहरण के लिए, सोलर मॉड्यूल और सेल बनाने वाली फैक्टरियों को सब्सिडी या टैक्स छूट मिल सकती है। इससे ग्रीन एनर्जी सस्ती हो जाएगी और आम लोग इसे अपनाएंगे।

दूसरी बड़ी उम्मीद स्टोरेज टेक्नोलॉजी से जुड़ी है। सोलर और विंड एनर्जी दिन-रात उपलब्ध नहीं रहती इसलिए बैटरी स्टोरेज बहुत जरूरी है। बजट में पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज और बैटरी सिस्टम के लिए ज्यादा फंडिंग की उम्मीद है। देश के ग्रीन एनर्जी सेक्टर से जुड़े सब लोगों की चाहत है कि सरकार रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर ज्यादा खर्च करे, जैसे टेक्नोलॉजी इनक्यूबेटर्स और यूनिवर्सिटी-इंडस्ट्री सहयोग। इससे नई तकनीकें विकसित होंगी और एनर्जी स्टोरेज सस्ता होगा। साथ ही, ग्रिड इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए हाई-कैपेसिटी ट्रांसमिशन लाइन्स और सब स्टेशनों पर निवेश बढ़ सकता है। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि बड़ी मात्रा में रिन्यूएबल एनर्जी को ग्रिड में जोड़ना पड़ता है, वरना बिजली बर्बाद हो जाती है।

ग्रीन हाइड्रोजन भी एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां बजट से बड़ी उम्मीदें हैं। ग्रीन हाइड्रोजन साफ पानी और रिन्यूएबल एनर्जी से बनता है और यह ट्रांसपोर्ट, इंडस्ट्री और पावर सेक्टर में इस्तेमाल हो सकता है। शैलेन्द्र बेबोरठा मानते हैं कि भारत ग्रीन हाइड्रोजन मिशन चला रहा है, लेकिन इसे तेज करने के लिए बजट में ज्यादा आवंटन चाहिए। इंडस्ट्री चाहती है कि उत्पादन, स्टोरेज और ट्रांसपोर्टेशन के लिए सब्सिडी दी जाए। साथ ही, एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए टैक्स इंसेंटिव्स आ सकते हैं। इससे भारत दुनिया में ग्रीन हाइड्रोजन का बड़ा उत्पादक बन सकता है और विदेशी मुद्रा कमा सकता है।

रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देना भी एक बड़ी उम्मीद है। घरों और इमारतों पर सोलर पैनल लगाने से बिजली बिल कम होता है और पर्यावरण का बचाव होता है। बजट में रूफटॉप सोलर के लिए ज्यादा सब्सिडी या आसान लोन स्कीम्स आ सकती हैं। साथ ही, छोटे और मध्यम उद्योगों को ग्रीन एनर्जी अपनाने के लिए टैक्स ब्रेक्स मिल सकते हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी सोलर एनर्जी फैलेगी और किसानों को फायदा होगा, जैसे सोलर पंप और इरिगेशन सिस्टम।

बजट से क्लीन एनर्जी इकोसिस्टम को मजबूत बनाने की उम्मीद है। इसका मतलब है कि एनर्जी सिक्योरिटी, अफोर्डेबिलिटी और सस्टेनेबिलिटी पर फोकस। सरकार पिछले सालों में रिन्यूएबल एनर्जी पर फोकस कर रही है, लेकिन अब कैपेसिटी एडिशन से आगे बढ़कर स्टेबिलिटी और परफॉर्मेंस पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए ग्रिड रिफॉर्म्स जरूरी हैं, जैसे स्मार्ट ग्रिड और डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम अपग्रेड। साथ ही, क्लीन एनर्जी फंड्स बढ़ाए जा सकते हैं, जो प्राइवेट इन्वेस्टमेंट को आकर्षित करेंगे।

एक और महत्वपूर्ण उम्मीद है कि बजट में ग्रीन फाइनेंसिंग को बढ़ावा दिया जाए। बैंक और फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस को ग्रीन प्रोजेक्ट्स के लिए सस्ते लोन देने के लिए इंसेंटिव्स मिल सकते हैं। साथ ही, कार्बन टैक्स या ग्रीन बॉन्ड्स जैसी स्कीम्स आ सकती हैं, जो फॉसिल फ्यूल्स से दूर जाने में मदद करेंगी। इससे विदेशी निवेश भी बढ़ेगा, क्योंकि दुनिया भर में ग्रीन इन्वेस्टमेंट ट्रेंड है।

ग्रीन एनर्जी क्षेत्र को उम्मीद है कि बजट में लोकल मैन्युफैक्चरिंग और क्लीन फ्यूल्स पर ज्यादा जोर होगा। उदाहरण के लिए, बायोफ्यूल और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स से जुड़ी इंडस्ट्री को सपोर्ट। इससे प्रदूषण कम होगा और अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी। साथ ही, आरएनडी पर ज्यादा बजट से नई इनोवेशंस आएंगी, जैसे एडवांस्ड सोलर सेल्स या विंड टरबाइन्स।

इन सब उम्मीदों से ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में तेजी आएगी लेकिन चुनौतियां भी हैं, जैसे महंगे इक्विपमेंट और ग्रिड कनेक्टिविटी। बजट अगर इन पर फोकस करे तो भारत रिन्यूएबल एनर्जी टारगेट को आसानी से हासिल कर सकता है। साथ ही, क्लाइमेट चेंज से लड़ने में भारत लीडर बनेगा।

बजट 2026 ग्रीन एनर्जी के लिए टर्निंग पॉइंट हो सकता है। अगर सरकार मैन्युफैक्चरिंग, स्टोरेज, हाइड्रोजन और ग्रिड पर निवेश करे तो देश स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। इससे नौकरियां बढ़ेंगी, अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और पर्यावरण बचेगा। सभी की नजरें अब 1 फरवरी पर टिकी हैं।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार और जाने-माने स्तंभकार हैं।)**

# हिन्दुओं को विभाजित कर अपनी राजनीति साधने के प्रयास में विपक्ष

**पहली घटना वाराणसी के मर्णिकर्णिका घाट के नवीनीकरण के लिए पुरानी प्रतिमाओं तथा कुछ छोटे मंदिरों पर बुलडोजर चलाने की थी, जो बाद में फर्जी निकली। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप के उपरान्त एआई वीडियो के आधार पर मंदिर तोड़े जाने की अफवाह फैलाकर राजनैतिक रोटियां सेंकने वाले लोगों जिनमें आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह तथा बिहार के सांसद पप्पू यादव शामिल हैं, पर मुकदमा दर्ज किया गया है।**

**मृत्युंजय दीक्षित**

इन दिनों विपक्ष उत्तर प्रदेश में दो घटनाओं के माध्यम से अपनी राजनीति साधने के प्रयास में है। पहली घटना वाराणसी के मर्णिकर्णिका घाट के नवीनीकरण के लिए पुरानी प्रतिमाओं तथा कुछ छोटे मंदिरों पर बुलडोजर चलाने की थी, जो बाद में फर्जी निकली। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप के उपरान्त एआई वीडियो के आधार पर मंदिर तोड़े जाने की अफवाह फैलाकर राजनैतिक रोटियां सेंकने वाले लोगों जिनमें आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह तथा बिहार के सांसद पप्पू यादव शामिल हैं, पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके बाद भी इस विषय पर स्थानीय स्तर पर राजनीति की जा रही है। समाजवादी पार्टी पीडीए के नाम पर पाल समाज को भड़का कर धरना-प्रदर्शन इत्यादि का आयोजन कर रही है। इस मुद्दे पर सपा, कांग्रेस व आम आदमी पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भारतीय जनता पार्टी की छवि को आघात पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया का जमकर प्रयोग कर रही है।

दूसरी घटना प्रयागराज में चल रहे माघ मेले की है, जो विवादों में रहने वाले एक शंकराचार्य के तथाकथित अपमान से जुड़ी है। प्रयागराज में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला माघ मेला सफलतापूर्वक चल रहा था उसमें शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद मेला प्रशासन के नियमों को धता बताते हुए पालकी (बग्घी) में बैठकर अपने भक्तों के साथ संगम नोज पर पहुँचने के लिए अड़ गए। पुलिस बल ने उनको बग्घी न ले जाने का निवेदन किया। उनके भक्तों और पुलिस के बीच विवाद हुआ और उन्होंने पुलिस के साथ हाथापाई शुरू कर दी। इसके बाद जमकर उपद्रव हो गया। अंततः शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद धरने पर बैठ और समाजवादी पार्टी और अन्य विरोधी दलों ने मामले को तुरंत अपनी राजनीति चमकाने के लिए लपक लिया। एविभिन्न राजनैतिक दल इस मुद्दे को जिस तरह उठा रहे हैं उससे स्पष्ट है कि उनको शंकराचार्य या सनातन के सम्मान से कोई लेना-देना नहीं है उनका एकमात्र उद्देश्य इस मुद्दे पर हिन्दू मतों का विभाजन करना है। यह भी संभव है कि इस प्रकरण की पटकथा किसी राजनैतिक दल ने ही लिखी हो जो आजकल अविमुक्तेश्वरानंद के निकट दिखाई दे रहा है।राजनैतिक दल तो समय के अनुसार अपने रंग बदलते रहते हैं किन्तु क्या अविमुक्तेश्वरानंद भी यह भूल गए कि जो समाजवादी आज उनका समर्थन कर रहे हैं उन्होंने ही कभी उनके ऊपर लाठियां बरसाई थीं। उस समय भाजपा ने ही उनकी सुरक्षा व बचाव किया था। आज अविमुक्तेश्वरानंद भाजपा व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं।अविमुक्तेश्वरानंद प्रायः अपनी विवादित बयानबाजी के कारण चर्चा में रहते हैं। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विवादित बयान देकर इन्होंने बड़ा विवाद खड़ा करने का असफल प्रयास किया था। एक बार स्वामी अविमुकतेश्वरानंद ने कहा था कि राहुल गांधी हिंदू नहीं हैं उन्हें राम मंदिर नहीं जाने देना चाहिए। जब आपरेशन सिंदूर के बाद भारत सरकार ने पाक के साथ सिंधु जल समझौता निलंबित किया तब उन्होंने कहा था कि यह काम करने के लिए भारत को कम-से-कम 20 साल लग जाएंगे, इन्होंने वक्फ संशोधन बिल को सौगात-ए -मोदी कहा था। यह काशी कारिडोर का भी विरोध कर चुके हैं। यह शंकराचार्य अभी तक अयोध्या दर्शन करने नहीं गए हैं। यह हिंदू समाज को विभाजित करने वाली राजनैतिक ताकतों के हाथों की कठपुतली बनकर उनके शिकार हो गए हैं।जिन लोगों के मुंह में तमिलनाडु के द्रमुक नेता की सनातन की डेंगू, मलेरिया से तुलना और उसके उन्मूलन जैसी बातों पर ताला लग जाता है वे भी शंकराचार्य के समर्थन में झंडा उठाए हैं। आज वे लोग अविमुक्तेश्वरानंद के पक्ष में खड़े हैं जिन्होंने कुछ दिन पूर्व मद्रास हाईकोर्ट के जज के खिलाफ महाभियोग चलाने के प्रस्ताव का समर्थन कर दिया था क्योंकि उस जज ने हिन्दू पक्ष को दीपक जलाने की अनुमति दे दी थी। बांग्लादेश में निर्दोष हिन्दुओं की हत्याओं पर पूरा इंडी गठबंधन मौन हो गया। सनातन को अपमानित करने में समाजवदियों ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। यह समाजवादी रामचिरतमानस व गीता को अपमानित करते हैं। आज यही लोग शंकराचार्य की आड़ लेकर हिंदू समाज को बांटने की साजिश कर रहे हैं।

प्रयागराज में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ह्लबंटोगे तो कटोगेह्न का नारा दिया था जिससे समाजवादी व कांग्रेसी काफी परेशान थे कि अगर कहीं हिन्दू पूरी तरह से एकजुट हो गए तो उनकी राजनीति समाप्त हो जाएगी, इसलिए प्रयागराज की धरती पर ही हिन्दू समाज को बांटने की रणनति बनाई गई और पीडीए की राजनीति करने वाले लोगों ने माघ मेला के पवित्र अवसर को चुना। आम जनमानस की स्मृति बहुत कमजोर होती है और उसे धार्मिक आधार पर विभाजित किया जा सकता है।

समाजवादी पार्टी को पता है कि जब तक हिन्दू धर्म को किसी बड़े विवाद के माध्यम से विभाजित नहीं किया जाएगा तब तक उनका पीडीए शक्तिहीन रहेगा। यही कारण है कि जब टीवी चैनलों पर रोहिंग्या और बगलादेशी घुसपैठियों पर चर्चा हो रही थी तब शंकराचार्य की आड़ में हिन्दू धर्म में दरार डालने वाली बहस हो रही है। विपक्षी दलों के प्रवक्ता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तुलना बाबर और औरंगजेब जैसे मुगल शासकों से कर रहे हैं जबकि वास्तविकता यह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जितना सम्मान संतों और शंकराचार्यों का किया है उतना किसी ने नहीं किया है। मुख्यमंत्री ने सनातन धर्म का मान बढ़ाया है। अयोध्या, प्रयाग, काशी, मथुरा, विंन्ध्याचल के उपेक्षित मंदिरों का जीर्णोद्धार कर-के हिन्दू धर्म का मान बढ़ाया है। ऐसे कर्मयोगी संत के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी अस्वीकार्य है।

# जया एकादशी व्रत पर दान से मिलता है जीवन में सौभाग्य

भारतीय सनातन धर्म में जया एकादशी का खास महत्व है, इसे पाप विनाशिनी एकादशी, भौमी एकादशी और भीष्म एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की उपासना की जाती है तो आइए हम आपको जया एकादशी व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं।




**जानें जया एकादशी के बारे में**

हिंदू मान्यताओं के अनुसार प्रत्येक मास के कृष्णपक्ष और शुक्लपक्ष में पड़ने वाली एकादशी तिथि अत्यंत ही पुण्यदायी मानी गई है। इसका महत्व तब और बढ़ जाता है जब यह माघ मास के शुक्लपक्ष में पड़ती है और जया एकदशी कहलाती है। इस बार जया एकादशी का व्रत 29 जनवरी 2026, गुरुवार को रखा जाएगा। इस वर्ष जया एकादशी का व्रत गुरुवार के दिन पड़ रहा है, जिसको धार्मिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। पंडितों के अनुसार गुरुवार और एकादशी दोनों ही दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। इस दिन व्रत और भगवान विष्णु की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार, जया एकादशी का व्रत करने से भूत पिशाच की योनि से मुक्ति, पापों का नाश और आर्थिक समस्याओं से भी मुक्ति मिल सकती है।

**जया एकादशी पर न करें गलतियां**

पंडितों के अनुसार, जया एकादशी के दिन कुछ गलतियां करने से भी सावधान रहना चाहिए। जया एकादशी के दिन तामसिक भोजन जैसे मांसाहारी खाना, अंडा, शराब और लहसुन-प्याज का सेवन भूलकर भी न करें, इससे व्रत का फल नष्ट हो जाता है। इस दिन झूठ, छल, क्रोध और किसी का अपमान करने से बचना चाहिए, इससे पुण्य कम हो जाता है। जया एकादशी के दिन बिना स्नान पूजा करना या पूजा को टालना अशुभ माना जाता है, सुबह जल्दी उठकर स्वच्छ होकर पूजा जरूर करें। एकादशी पर चावल, दाल और अनाज खाना वर्जित होता है, ऐसा करने से व्रत भंग माना जाता है। जया एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित होती है, इसलिए श्री विष्णु की पूजा किए बिना व्रत अधूरा माना जाता है। एकादशी के दिन दिन में सोना शुभ नहीं माना जाता. इससे व्रत का प्रभाव कम हो सकता है। तुलसी के पत्ते बिना जरूरत तोड़ना या उन्हें अपवित्र करना दोषकारी माना जाता है।

**जानें जया एकादशी का शुभ मुहूर्त**

हिंदू पंचांग के अनुसार, जया एकादशी के व्रत की एकादशी तिथि की शुरूआत 28 जनवरी यानी आज शाम 4 बजकर 35 मिनट से शुरू होगी और तिथि का समापन 29 जनवरी को दोपहर 1 बजकर 55 मिनट पर होगा।

## रेसिपी

### पनीर गट्टे की सब्जी

अक्सर होता है कि महिलाएं दोपहर का लंच हो या फिर रात की डिनर कौन-सी दाल या सब्जी बनाए इसे लेकर कंफ्यूज रहती हैं। सर्दियों में होता है कि घर में बार-बार हरा साग बनता है जिसका नाम सुनते ही बच्चे मुंह सिकोड़ लेते हैं। ऐसे में अक्सर मम्मियां खाने में कुछ ऐसा बनाने की कोशिश करती है कि, जो सब लोग बड़े ही प्यार खा लें। खासतौर पर पनीर की भुजिया या फिर मटर पनीर को हर कोई खा लेता है। लेकिन आप कुछ अलग बनाना चाहती हैं, तो पनीर गट्टे की सब्जी जरुर ट्राई करें। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं।

**पनीर गट्टे की सब्जी कैसे बनाएं?**

- ✔ एक साफ थाली या कटोरे में एक कप बेसन लें। इसमें 1/4 कप दही मिलाएं, फिर 1 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, 1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर, 1 छोटा चम्मच धनिया पाउडर, स्वाद के अनुसार नमक डालें। इसके बाद कसूरी मेथी और अजवाइन मिलाकर सभी चीजों को अच्छी तरह मिला लें ताकि मसाले बेसन में समान रूप से घुल जाएं।
- ✔ अब इसमें थोड़ा पानी डालकर सब कुछ एक साथ मिलाएं और इसका नरम आटा गूंथ लें।
- ✔ फिर आप पनीर को कद्दूकस करें और स्वादनुसार नमक डालें, इसकी छोटी-छोटी गोलियां बना लें।
- ✔ अब इसे बेसन के आटे में भरें और इन गोलियों को पानी में 4-5 मिनट तक उबालें।
- ✔ अब आधा कप अच्छी तरह फेंटा हुआ दही लें। इसमें आधा छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, एक बड़ा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और जीरा पाउडर डालें। सभी मसालों को दही में अच्छी तरह मिलाएं ताकि एक समान और चिकना मिश्रण तैयार हो जाए।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

समाचार सार



## 19वीं महिला झारखंड स्टेट सीनियर कबड्डी में जिला टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त

**साहिबगंज:** पूर्वी सिंहभूम जिला कबड्डी संघ द्वारा 25 से 26 जनवरी 2026 तक जमशेदपुर के सोनारी में संपन्न बलवंत सिंह मेमोरियल 19वीं महिला झारखंड स्टेट सीनियर कबड्डी चैंपियनशिप में जिला टीम ने कप्तान आरती कुमारी के नेतृत्व शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया।इस उपलब्धि पर जिला महिला टीम को उपायुक्त श्री हेमंत सती, उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम भगत,जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष समेत जिले के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

## द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने 7 विकेट से जीता मैच



**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूनामेंट के तहत बुधवार को राजमहल सीनियर बी बनाम द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। राजमहल सीनियर बी ने टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए 24.4 ओवर में 143 रन बना कर आउट हो गई। फैज आलम ने 13, मिस्बाहुल ने 17, मनीष व इफ्तेखार ने 13-13, चंदन ने 15 व हलीम शेख ने 22 रन की पारी खेली। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के गेंदबाज रवि कुमार ने 2 व अनिकेत आनंद ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब की टीम 13.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 144 रन बना कर 7 विकेट से मैच जीत लिया। आशीष रंजन ने 24, अनिकेत आनंद 49, मिस्टर एनर्जी ने 17, आदित्य ज्ञान ने 14 व रवि कुमार ने 36 रन बनाए। राजमहल सीनियर बी के गेंदबाज आसिफ अली ने 2 विकेट लिए। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी अनिकेत आनंद को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ तुफैल ने अनिकेत आनंद को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग श्याम रंजन तिवारी व हयातुल्लाह ने किया। जबकि स्कोरिंग अनाउल्लाह अंसारी ने किया। मौके पर टूनामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम सहित अन्य मौजूद थे। गुरूवार को राजमहल ए बनाम सीएबी बरहरवा के बीच मैच खेला जाएगा।

## हम सभी जीवन मे शिक्षक का बहुत महत्व है : विधायक



**साहिबगंज:** कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक खेल कार्यक्रम में संत जेवियर विद्यालय के श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से प्रभा कृष्णन को सम्मानित किया गया।प्रभा कृष्णन 20 वर्षों से विद्यालय को अपनी सेवा दे रही है।मुख्य अतिथि राजमहल विधायक एमटी राजा,फादर अरूल डॉस और कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से अंग वस्त्र,प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।संस्था द्वारा फादर अरुल डोस को भी उनके श्रेष्ठ सेवा के लिए मोमेंट को देकर सम्मानित किया गया।कौशल्या ज्योति के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि गौरव की बात है।मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षक निर्माण का प्रतीक है।हम सभी जीवन मे शिक्षक का बहुत महत्व है।शिक्षक का मान सम्मान सदैव बना रखना चाहिए।आप अच्छे शिक्षक के बिना एक अच्छे समाज की कल्पना नहीं कर सकते हैं।

## कांग्रेस पार्टी के संगठन से ही भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए गए हैं : अश्विनी



**साहिबगंज:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के महासचिव अश्विनी कुमार आनन्द ने कहा कि पार्टी हाई कमान के ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि ओबीसी, एससी,एसटी और माइनॉरिटी संगठन को बहुत बड़ा सम्मान मिला मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,सोनिया गांधी,लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी,संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल एवं ओबीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय हिंद का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी हमेशा से कहते आ रहे हैं जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी आज कांग्रेस पार्टी के संगठन से ही भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए गए हैं।श्री आंनद ने कहा कि यह बहुत बड़ा कदम है इस निर्णय से अवश्य पिछड़ी जातियों में कांग्रेस पार्टी के प्रति आस्था मजबूत होगा कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के तमाम जिला अध्यक्ष प्रदेश के पदाधिकारी एवं तमाम ओबीसी के साथियों के तरफ से पार्टी हाई कमान को धन्यवाद दिया है।

# स्वास्थ्य सेवाओं सुधार लाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : हेमंत सती

संवाददाता

**साहिबगंज:** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इसमें मुख्य रूप से मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना मुख्यमंत्री अस्पताल प्रबंधन और अनुरक्षण योजना आयुष्मान भारत योजना15वां वित्त आयोग पीएम -एबीईएच आईएम और बीपीएचयु से संबंधित बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई।उपायुक्त ने सभी योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।बैठक में सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, जिले के सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।बैठक के अंत में उपायुक्त ने कहा कि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।



## जरूरतमंद लोगों को समय पर विधिक सहायता उपलब्ध कराना है : अखिल



**साहिबगंज:** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में जिले भर में वीर परिवार सहायता योजना 2025 के अंतर्गत भूतपूर्व सैनिकों कार्यरत सैनिकों और उनके परिजनों के लिए व्यापक विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज द्वारा भूतपूर्व कार्यरत सैनिकों तथा उनके परिजनों के साथ एक विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों कार्यरत सैनिकों के परिजनों को उनके विधिक अधिकारों केंद्र राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी।सचिव श्री भगत ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य भूतपूर्व एवं कार्यरत सैनिकों तथा उनके परिवारों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या के समाधान हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध सहायता से उन्हें जोड़ना है। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सलाह, वकील की सुविधा लोक अदालत मध्यस्थता के माध्यम से त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा रहा है।उन्होंने यह भी जानकारी दी कि भूतपूर्व एवं कार्यरत सैनिकों के साथ संवाद के साथ-साथ पंचायत स्तर पर भी सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले सैनिकों व उनके परिजनों तक विधिक सेवाओं की जानकारी पहुँचाई जा सके। इस अभियान का उद्देश्य न्याय तक आसान पहुँच सुनिश्चित करना, उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति सजग बनाना जरूरतमंद लोगों को समय पर विधिक सहायता उपलब्ध कराना है।कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष श्री डी. कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक, कार्यरत सैनिक उनके परिजन उपस्थित रहे। सभी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के संवाद जागरूकता कार्यक्रमों से न केवल सैनिक परिवारों, बल्कि आम नागरिकों को भी अपने अधिकारों एवं सरकारी सुविधाओं की सही जानकारी मिलती है।

## सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की निःसंकोच सहायता करें : मिथिलेश



**साहिबगंज:** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह2026 के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति को लेकर जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के प्रमुख स्थलों कोर्ट परिसर, रेलवे स्टेशन, सदर अस्पताल, बस स्टैंड, बांझी बाजार, मंडरो प्रखंड, मिजाचौकी रेलवे स्टेशन, महाराजपुर सहित अन्य क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का सफल आयोजन किया गया।जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी ने बताया कि नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग, यातायात नियमों के पालन नशे की हालत में वाहन न चलाने और सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की निःसंकोच सहायता हेतु जागरूक प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि गुड सेमेरिटन पॉलिसी के अंतर्गत घायल व्यक्ति की सहायता करने वाले नेक नागरिक को ?2000 की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाने का प्रावधान है।कार्यक्रम के दौरान हैंडबिल, पंपलेट एवं बुकलेट का वितरण कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। यह अभियान केवल सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों को कम करने तक सीमित नहीं है।बल्कि नागरिकों में जीवन के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का संदेश देता है।इस अवसर पर डीजल एसए सेक्रेटरी श्री विश्वनाथ भगत मोटरयान निरीक्षक अभिषेक मुंडा एवं श्री कुमार उत्कर्ष, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## नगर पालिका चुनाव में नामांकन के लिए प्रस्तावित स्थल की सूची जारी

साहिबगंज : नगर पालिका आम निर्वाचनझ2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के उद्देश्य से साहिबगंज जिला अंतर्गत साहिबगंज नगर परिषद, राजमहल नगर पंचायत एवं बरहरवा नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पद हेतु नामांकन कार्य के लिए निम्नलिखित स्थलों को प्रस्तावित किया गया है, जो इस प्रकार है।नगर परिषद, साहिबगंज अध्यक्ष पद

**निवार्ची पदाधिकारी गौतम कुमार भगत**

पदनाम अपर समाहर्ता साहिबगंजनामांकन स्थल अपर समाहर्ता कार्यालय, समाहरणालय परिसर, साहिबगंज, वार्ड पार्षद पद वार्ड संख्या 01 से 07

**निवार्ची पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द**

पदनाम : अनुमंडल पदाधिकारी, साहिबगंज

नामांकन स्थल : अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय, साहिबगंज, वार्ड पार्षद पद वार्ड संख्या 08 से 14

निवार्ची पदाधिकारी श्री नागेश्वर साव पदनाम प्रखंड विकास पदाधिकारी, बोरियो नामांकन स्थल : भूमि सुधार उपसमाहर्ता कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय परिसर, साहिबगंज,वार्ड पार्षद पद वार्ड संख्या 15 से 21निवार्ची पदाधिकारी बास्की नाथ टुडू

**पदनाम प्रखंड विकास पदाधिकारी साहिबगंज**

नामांकन स्थल कार्यालय अधीक्षक कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय परिसर, साहिबगंज वार्ड पार्षद पद वार्ड संख्या 22 से 28 निवार्ची पदाधिकारी मेघनाथ उरांव पदनाम प्रखंड विकास पदाधिकारी, मंडरो नामांकन स्थल समाहरणालय स्थित जिला भू अर्जन पदाधिकारी का कार्यालय कक्ष साहिबगंज नगर पंचायत, राजमहल अध्यक्ष पद निवार्ची पदाधिकारी छूटेश्वर कुमार दास

पदनाम जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, साहिबगंजनामांकन स्थल : प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, राजमहल स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी का कार्यालय **वार्ड पार्षद पद वार्ड संख्या 01 से 07 निवार्ची पदाधिकारी सदानंद महतो**

पदनाम अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल नामांकन स्थल प्रखंड -सह- अंचल कार्यालय राजमहल स्थित प्रखंड सभागार सभागार,राजमहल वार्ड पार्षद पद वार्ड संख्या 08 से **14निवार्ची पदाधिकारी मोहम्मद यूसुफ पदनाम अंचल अधिकारी, राजमहल**

नामांकन स्थल अंचल अधिकारी कार्यालय कक्ष, राजमहल नगर पंचायत, बरहरवाअध्यक्ष पद

निवार्ची पदाधिकारी श्री संजय कुमार दास

पदनाम निदेशक, आईटीडीए, साहिबगंज

नामांकन स्थल प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, बरहरवा स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी का कार्यालय कक्ष वार्ड पार्षद पद वार्ड संख्या 01 से 07 निवार्ची पदाधिकारी श्री जयंत कुमार तिवारीपदनाम प्रखंड विकास पदाधिकारी उधवा नामांकन स्थल बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय कक्ष, प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय परिसर बरहरवा वार्ड पार्षद पद वार्ड संख्या 08 से 14निवार्ची पदाधिकारी अनोज कुमार पदनाम अंचल अधिकारी बरहरवा

नामांकन स्थल प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय स्थित अंचल अधिकारी का कार्यालय कक्ष।

## ग्रामीण रोजगार योजनाएं कांग्रेस की जनहितकारी सोच का प्रमाण हैं : कमलेश




**साहिबगंज/बरहरवा:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के माननीय अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार प्रखंड संवाद कार्यक्रम के तहत बरहरवा प्रखंड अंतर्गत कांग्रेस कार्यालय,श्रीकुंड में बीएलए संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने की।कार्यक्रम में सभी पंचायत अध्यक्षगण,सभी पंचायतों के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बीएलए की भूमिका पर विस्तृत चर्चा संवाद कार्यक्रम में बीएलए की संगठनात्मक एवं निर्वाचन प्रक्रिया में अहम भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।क्योंकि जब झारखंड में एस आईआर लागू होगा तब हमारे बीएलए का रोल को वक्ताओं ने बताया कि बीएलए का मुख्य कार्य अपने-अपने बूथ स्तर पर मतदाता सूची की निगरानी करना,नए मतदाताओं का नाम जुड़वाना,त्रुटियों का सुधार कराना, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटवाना तथा निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता सूची को अद्यतन रखने में सहयोग करना है।इसके साथ ही बीएलए का दायित्व है कि वे बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करें,मतदाताओं से निरंतर संपर्क बनाए रखें और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं।पेसा एक्ट और मनरेगा पर विशेष जानकारी कार्यक्रम में हाल ही में झारखंड में लागू पेसा एक्ट पर भी विस्तार से चर्चा हुई।वक्ताओं ने बताया कि पेसा एक्ट लागू होने से आदिवासी बहुल क्षेत्रों में ग्राम सभा को अधिक अधिकार प्राप्त हुए हैं।जिससे स्थानीय जनता को अपने क्षेत्र के विकास कार्यों में सीधी भागीदारी मिलेगी।कांग्रेस पार्टी इस कानून को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू कराने के लिए प्रतिबद्ध है।साथ ही मनरेगा योजना के नाम परिवर्तन और उसके उद्देश्यों पर भी जानकारी दी गई।बताया गया कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन का मजबूत आधार है और कांग्रेस पार्टी इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।बरकत खान ने संबोधित करते हुए कहाब कीह्लबीएलए संगठन की रीढ़ हैं। बूथ स्तर पर संगठन जितना मजबूत होगा, पार्टी उतनी ही सशक्त बनेगी।पेसा एक्ट और ग्रामीण रोजगार योजनाएं कांग्रेस की जनहितकारी सोच का प्रमाण हैं।सभी कार्यकर्ता इन योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुँचाएं।कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

कार्यक्रम का उद्देश्य बूथ स्तर पर संगठन को सुदृढ़ करना,मतदाता सूची कार्य को प्रभावी बनाना तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना रहा।कार्यक्रम शांतिपूर्ण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू मोफकर हुसैन,मुरसलीम खान,हजरत अली,हीरालाल साहा,रबीउल इस्लाम,दिलदार आलम,नेहाल अख्तर मो काजोल,अब्दुल जब्बार,शब्बीर आलम,शमीम अख्तर,तमीजुद्दीन शेख,अतीक अहमद,जमीरुल इस्लाम,रंजीत भंडारी,गणेश सहा,मैमूल शेख,बेनाम शेख,तकरीज आलम,विकाश सहा,महबूब आलम,मास्कुर आलम,बैदूल आलम,दिल अफरोज सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वरुण धवन की एक्टिंग की कायल हुई खुशबू पाटनी, 'बॉर्डर-2' को देखकर आई पुराने दिनों की याद

सनी देओल और मल्टीस्टार फिल्म 'बॉर्डर-2' रिलीज के साथ ही सिनेमाघरों में शानदार कलेक्शन कर रही है। फिल्म ने रिलीज के बाद से अब तक वैश्विक स्तर पर लगभग 250 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है और कहा जा रहा है कि फिल्म के लिए ये हफ्ता भी लाजवाब रहने वाला है। इसी बीच सेना में मेजर पद पर रही खुशबू पाटनी ने फिल्म देख ली है और फिल्म देखने के लिए उन्हें अपने पुराने दिन याद आ गए। महिला सुरक्षा पर खुलकर बात रखने वाली खुशबू पाटनी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर वरुण धवन की एक्टिंग स्किल्स की तारीफ की है और अपने पुराने आर्मी के दिनों को भी याद किया है। उन्होंने वरुण की मेजर होशियार सिंह दहिया लुक के साथ फोटो पोस्ट की और लिखा, 'बॉर्डर-2 अभी देखी, वरुण धवन का काम लाजवाब है, उनके द्वारा निभाई गई होशियार सिंह दहिया की यादगार परफॉर्मेंस को हमेशा याद रखा जाएगा। मेरी कुछ पुरानी यादें ताजा हो चुकी हैं, खासकर ट्रेनिंग के दिनों की। हम भाई और बहन की तरह जीते हैं, भाई और बहन की तरह मरते हैं। नाम, नमक और निशान को कभी नहीं भूलते। जय हिंद, जय भवानी। इससे पहले खुशबू ने गणतंत्र दिवस के मौके पर अपनी फौजी की वर्दी के साथ फोटोज पोस्ट की, जिसमें वे अपने पुराने मेजर अवतार में दिखीं।



> 'बॉर्डर 2' का बॉक्स ऑफिस पर धमाका

# आलिया भट्ट ने की 'बॉर्डर 2' की तारीफ

**वॉर** ड्रामा फिल्म 'बॉर्डर-2' रिलीज के बाद से ही दर्शकों और सेलिब्रिटीज के बीच खूब चर्चा में है। फिल्म को मिल रही तारीफों की लिस्ट में नाम मशहूर अभिनेत्री आलिया भट्ट का भी जुड़ गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए फिल्म के सभी कलाकारों की तारीफ की। उन्होंने स्टोरीज सेक्शन पर फिल्म 'बॉर्डर-2' की एक क्लिप शेयर की। इस सीन में वरुण, दिलजीत, अहान शेट्टी, और सनी देओल समेत फिल्म के कई कलाकार नजर आ रहे हैं। इसमें फिल्म के कुछ पावरफुल क्लिप्स भी शामिल हैं। आलिया ने लिखा, 'फिल्म 'बॉर्डर-2' शानदार फिल्मों में से एक है।' अभिनेत्री ने फिल्म के डायरेक्टर अनुराग सिंह और पूरी स्टारकास्ट की परफॉर्मेंस को कमाल का बताया। इसी के साथ ही उन्होंने फिल्म के मुख्य कलाकारों की तारीफ करते हुए लिखा, 'सोनम बाजवा, सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, मेधा राणा और आन्या समेत सभी ने शानदार काम किया है। खासतौर पर मेरे करीबी दोस्त वरुण धवन ने तो हर सीन में अपना दिल और जान डाल दी है, जो कि वह सबसे बेहतर करते हैं। आपके लिए बहुत खुशी हो रही है, वरुण धवन। आपके लिए साल की शुरुआत वाकई जबरदस्त रही। पूरी टीम को मेरी तरफ से बधाई। फिल्म बॉर्डर 2 को रिलीज के बाद से ही दर्शकों को जबरदस्त प्यार मिल रहा है।



# अमीषा पटेल बोलीं- तारा सिंह को पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हूं

**सिनेमाघरों** में रिलीज होने के बाद फिल्म 'बॉर्डर-2' बॉक्स ऑफिस में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। 1997 की क्लासिक ड्रामा फिल्म की सीक्वल फिल्म कमाई के साथ दर्शकों का भी दिल जीतने में पीछे नहीं हट रही है। आम जनता से लेकर मनोरंजन जगत तक हर कोई फिल्म की तारीफ किए बिना नहीं रह पा रहा है। हाल ही में अभिनेत्री अमीषा पटेल ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए फिल्म की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'तारा सिंह को देखकर मैं बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। मैं मानती हूं कि फिल्म में वरुण, दिलजीत और अहान समेत सभी कलाकारों ने अच्छा काम किया होगा। मैं फिल्म और उसके गानों को फिर से महसूस करने के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित हूं।' उन्होंने कहा, 'मैंने अभी तक 'बॉर्डर 2' नहीं देखी है, लेकिन 1997 की 'बॉर्डर' देखी है। फिर भी, जिस तरह लोग इसे पसंद कर रहे हैं, लगता है कि टीम ने बहुत शानदार काम किया है। जैसे 'गदर 2' की तुलना 'गदर' से की गई थी, लेकिन 'गदर 2' के हिट होने के बाद सबने माना था कि यह अलग और शानदार फिल्म है, इसलिए मुझे लगता है कि तुलना नहीं करनी चाहिए।





# अरिजीत सिंह के संन्यास पर सिंगर अरमान मलिक ने दी शुभकामनाएं

### सिंगिग के क्षेत्र में योदगान को बताया उत्कृष्ट

'बर्फी', 'जग्गा जासूस', 'लूडो', और 'मेट्रो इन दिनों' जैसी फिल्मों में शानदार हिट गाने देने वाले सिंगर अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग को अलविदा कह दिया है। सिंगर ने संन्यास का फैसला तब लिया है जब वे अपने करियर के कई हिट गाने दे चुके हैं। अब उनके फैसले पर सिंगर अरमान मलिक ने अपना पक्ष रखा है। सिंगर के फैसले का सम्मान करते हुए उन्हें दिल से आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी हैं। अरिजीत सिंह की आवाज कई लोगों के लिए प्रेरणा रही है, और अरमान मलिक भी उन्हीं सिंगर्स में से एक हैं। उन्होंने सिंगर के संन्यास लेने के फैसले पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'आत्मा खुद समझ लेती है कि अब रास्ता बदलने का समय आ गया है, क्योंकि जो सामने है, वह अब उसके सबसे ऊंचे उद्देश्य को पूरा नहीं कर पा रहा। मुझे यह नहीं पता कि नदी फिर कहां जाकर समुद्र से मिलेगी, लेकिन मैं उसकी धारा पर और उसे दिशा देने वाली ईश्वरीय कृपा पर भरोसा करता हूं। आगे आने वाले जादू के लिए शुभकामनाएं! प्लेबैक गायन की कला को आपने जो कुछ भी दिया, उसके लिए दिल से धन्यवाद। अरिजीत ने मंगलवार को देर रात सोशल मीडिया पर हिंदी सिनेमा में गीत नहीं गाने को लेकर पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था, 'हैलो, आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। इतने सालों से श्रोताओं के रूप में मुझे जो इतना प्यार दिया है, उसके लिए आप सबका धन्यवाद। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अब से मैं एक प्लेबैक सिंगर के तौर पर कोई भी नया काम नहीं लूंगा। मैं इसे यहीं खत्म कर रहा हूं। यह एक शानदार सफर रहा। गौर करने वाली बात ये है कि सिंगर भले ही हिंदी सिनेमा में अपनी आवाज नहीं देंगे लेकिन अब वे कई इंटरनेशनल प्रोजेक्ट के साथ कई ऊंचाइयों की तलाश में हैं। उन्होंने संगीत से संन्यास नहीं लिया है। सिंगर 2027 में कई बड़े प्रोजेक्ट और टूर करने वाले हैं। 2027 से सिंगर का वर्ल्ड टूर शुरू होगा.



## अनन्या ने शेयर की मिरर सेल्फी

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने मंगलवार को अपनी वैनिटी वैन से एक मिरर सेल्फी शेयर की। इस मिरर सेल्फी में फैंस को उनके पर्सनल वैनिटी स्पेस की झलक मिली और साथ ही यह भी पता चला कि वह फिलहाल एक चोट से रिकवर हो रही हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की गई तस्वीर में, एक्ट्रेस ग्रे ओवरसाइज्ड हुडी पहने और हाथ में स्लिंग लगाए दिखीं, जिससे पता चला कि उन्हें चोट लगी है। उन्होंने तस्वीर पर एक स्टिकर लगाया था जिस पर लिखा था, '2026 में नजर लग गई। जिस चीज ने ध्यान खींचा, वह था अनन्या का वैनिटी मिरर, जो बॉलीवुड स्टार करिश्मा कपूर और सलमान खान के पोस्टर्स और कट-आउट से सजा था। 80 ??और 90 के दशक के कई बच्चों की तरह, जो इंटरनेट और सोशल मीडिया के आने से पहले अपने पसंदीदा सितारों के पोस्टर लगाते थे, अनन्या के मिरर पर भी करिश्मा कपूर और सलमान खान की तस्वीरें लगी थीं।



# विरासत से नहीं टैलेंट से बनीं सफल अभिनेत्री और गायिका

**भारतीय** सिनेमा में कुछ नाम ऐसे हैं, जो सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं हैं। ये नाम अपनी बहुआयामी प्रतिभा से एक अलग पहचान बनाते हैं। एक सफल अभिनेत्री, गायिका, संगीतकार और परफॉर्मर, जिनकी पहचान केवल एक स्टार किड के तौर पर नहीं, बल्कि एक मेहनती और टैलेंटेड आर्टिस्ट के रूप में बनी है। श्रुति हासन, भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता कमल हासन और मशहूर अभिनेत्री सारिका ठाकुर की बेटी हैं। हासन परिवार में जन्म लेने के बावजूद श्रुति ने अपनी राह खुद बनाई। वह न सिर्फ एक सफल अभिनेत्री हैं, बल्कि एक स्थापित गायिका और म्यूजिक कंपोजर भी हैं, जिन्होंने तमिल, तेलुगु और हिंदी सिनेमा में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। श्रुति ने चेन्नई के एबाकस मोंटेसरी स्कूल में पढ़ाई की और दसवीं तक वहीं शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद मुंबई के सेंट एंड्रयूज कॉलेज से साइकोलॉजी की पढ़ाई की। बचपन से ही उन्हें संगीत और सिनेमा में गहरी रुचि थी। इसी लगाव ने उन्हें आगे चलकर अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित म्यूजिशियंस इंस्टीट्यूट तक पहुंचाया, जहां उन्होंने संगीत की औपचारिक ट्रेनिंग ली। महज छह साल की उम्र में श्रुति हासन ने अपने पिता की फिल्म थेवर मगन (1992) में पहला गाना गाया, जिसे इलैया राजा ने कंपोज किया था। इसके बाद स्कूल के दिनों में उन्होंने हिंदी फिल्म 'चाची 420' (1997) में भी गायन किया। साल 2000 में कमल हासन के निर्देशन में बनी फिल्म 'हे राम' में उन्होंने बाल कलाकार के रूप में अतिथि भूमिका निभाई और उसी फिल्म के लिए हिंदी और तमिल में टाइटल थीम 'रामा रामा' भी गाई। एक अभिनेत्री के तौर पर श्रुति ने वयस्क भूमिका में डेब्यू 2009 में बॉलीवुड फिल्म 'लक' से किया। इसके बाद उन्होंने दक्षिण भारतीय सिनेमा की ओर रुख किया और यहीं से उनका करियर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। श्रुति को असली पहचान तेलुगु फिल्म 'अनागनगा ओ धीरुडु' (2011) से मिली। इन फिल्मों में उनके अभिनय ने उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड फॉर बेस्ट फीमेल डेब्यू साउथ दिलाया। इसके बाद उन्होंने कई सफल फिल्मों में काम किया। 'रेस गुर्रम' (2014) में दमदार भूमिका के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड फॉर बेस्ट एक्ट्रेस तेलुगु मिला। कुल मिलाकर श्रुति के नाम तीन फिल्मफेयर अवॉर्ड्स सहित कई सम्मान दर्ज हैं। हिंदी सिनेमा में श्रुति हासन ने 'डी-डे', 'रामैया वस्तावैया', 'गब्बर इज बैक', 'वेलकम बैक', 'रॉकी हैंडसम' जैसी फिल्मों में काम किया। जहां कुछ फिल्मों को समीक्षकों की सराहना मिली, वहीं कुछ बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं। अभिनय के साथ-साथ संगीत श्रुति हासन की पहचान का अहम हिस्सा है। वह एक स्थापित पार्श्व गायिका हैं। साल 2009 में उन्होंने अपने पिता के प्रोडक्शन 'उन्नैपोल ओरुवन' से बतौर म्यूजिक डायरेक्टर भी डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने अपना खुद का म्यूजिक भी तैयार किया और बैंड के जरिए अपनी अलग पहचान बनाई।



# फिल्म लाइकी लाइका में दिखाई देंगे राशा थडानी और अभय वर्मा

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने जनवरी 2025 में रिलीज हुई फिल्म आजाद के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली, लेकिन ठीक-ठाक प्रतिक्रिया मिली थी। अब राशा अपनी दूसरी फिल्म लाइकी लाइका के साथ एक बार फिर बड़े परदे पर नजर आने के लिए तैयार हैं। हाल ही में फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया गया है, जिसके साथ इसकी रिलीज टाइमलाइन का भी खुलासा हुआ है। बता दें कि इस फिल्म का निर्देशन सौरभ गुप्ता कर रहे हैं। इस फिल्म में राशा के साथ अभय वर्मा मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे, जिन्हें हाल ही में फिल्म मुंज्या से बड़ी पहचान मिली थी। यह पहली बार होगा जब राशा और अभय की जोड़ी बड़े परदे पर साथ नजर आएगी। फिल्म का पोस्टर काफी अलग और दिलचस्प है। पोस्टर सामने आने के बाद से ही फिल्म को लेकर दर्शकों और खासकर युवाओं में उत्सुकता बढ़ गई है। राशा और अभय की नई जोड़ी को लेकर भी फैंस काफी उत्साहित हैं। निर्माताओं के मुताबिक लाइकी लाइका इसी साल गर्मियों में सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है।





# ऑस्ट्रेलियाई महिला टी20 टीम की कप्तान बनीं मोलिनेक्स

**एजेंसी**

**मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम में नए युग की शुरूआत हो गई है। विक्टोरिया की ऑलराउंडर सोफी मोलिनेक्स को टी 20 टीम का कप्तान और टेस्ट व वनडे टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। मोलिनेक्स भारत के खिलाफ आगामी मल्टी-फॉर्मेट सीरीज में टी20 टीम की कप्तानी से अपने कार्यकाल की शुरूआत करेंगी। टी20 टीम में ताहलिया मैक्ग्राथ और एश्ले गार्डनर को संयुक्त उपकप्तान बनाया गया है। चयनकर्ताओं ने भारत के खिलाफ सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टी20, वनडे और टेस्ट टीमों की घोषणा भी कर दी है। सफेद गेंद क्रिकेट में निकोला केरी की वापसी हुई है, जबकि 19 वर्षीय तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। चोट के बावजूद फोएबे लिचफील्ड को तीनों टीमों में जगह दी गई है।

चयन प्रक्रिया में कुछ बड़े फैसले भी देखने को मिले। लेग स्पिनर अलाना किंग को टी20 टीम से बाहर रखा गया है, जबकि वनडे टीम में मेगन शट, ग्रेस हैरिस और हीदर ग्राहम को मौका नहीं मिला। राष्ट्रीय चयनकर्ता शॉन फ्लेगलर ने कहा कि मोलिनेक्स अपने नेतृत्व कौशल, संयम और घरेलू क्रिकेट में सफलता के दम पर इस भूमिका के लिए पूरी तरह उपयुक्त हैं, हालांकि उनकी फिटनेस को ध्यान में रखते हुए वर्कलोड का प्रबंधन किया जाएगा। भारत की महिला टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी, जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान होंगी। दोनों टीमों के बीच टी20 सीरीज का पहला मुकाबला 15 फरवरी को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

**ऑस्ट्रेलिया टी20 टीम**

सोफी मोलिनेक्स (कप्तान), एश्ले गार्डनर (उपकप्तान), ताहलिया मैक्ग्राथ (उपकप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोला केरी, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, फोएबे लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम

**भारत टी20 टीम**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्री चाराणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष, उमा छेत्री, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, श्रेयांका पाटिल

**ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम**

एलिसा हीली (कप्तान), सोफी मोलिनेक्स (उपकप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोला केरी, एश्ले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैक्ग्राथ, एलिस पेरी, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम

**ऑस्ट्रेलिया टेस्ट टीम**

एलिसा हीली (कप्तान), सोफी मोलिनेक्स (उपकप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गार्थ, लूसी हैमिल्टन, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैक्ग्राथ, एलिस पेरी, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

# आईसीसी टी-20आई रैंकिंग में सूर्यकुमार यादव ने पांच पायदान की लगाई छलांग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की घरेलू टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन का फायदा उठाते हुए आईसीसी पुरुष टी-20आई बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच स्थान की छलांग लगाकर सातवां स्थान हासिल कर लिया है। भारत इस सीरीज में फिलहाल 3-0 से आगे है और सूर्यकुमार ने अब तक 32, नाबाद 82 और नाबाद 57 रनों की पारियां खेली हैं। टी-20 वर्ल्ड कप से महज 10 दिन पहले भारत रैंकिंग में शीर्ष स्थानों पर पूरी तरह हावी नजर आ रहा है। अभिषेक शर्मा पहले स्थान पर काबिज हैं, जबकि तिलक वर्मा तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। वहीं, रायपुर में खेले गए दूसरे मैच में 32 गेंदों पर 76 रन बनाने वाले ईशान किशन ने रैंकिंग में दोबारा एंट्री करते हुए 64वां स्थान हासिल किया है। शिवम दुबे नौ स्थान की छलांग लगाकर 58वें और रिंकू सिंह 13 स्थान ऊपर चढ़कर 68वें नंबर पर पहुंच गए हैं।




अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाजों इब्राहिम जदरान और रहमानुल्लाह गुरबाज ने भी दुबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2-1 से सीरीज जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन कर रैंकिंग में बढ़त बनाई है। इब्राहिम दो पायदान ऊपर चढ़कर 13वें और गुरबाज तीन स्थान की छलांग के साथ 15वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं, प्लेयर ऑफ द सीरीज दारविश रसूली 156 रन बनाकर 29 स्थान की बड़ी छलांग लगाते हुए 87वें स्थान पर पहुंच गए।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मार्करम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच में 47 गेंदों पर नाबाद 86 रन बनाकर टॉप-20 में जगह बना ली है। वेस्टइंडीज के ब्रैंडन किंग 15 स्थान ऊपर चढ़कर 35वें और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स 18 स्थान की छलांग के साथ 44वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे मैच में 4/21 के प्रदर्शन के दम पर पांच स्थान की बढ़त के साथ नौवां स्थान हासिल किया है। भारत के जसप्रीत बुमराह चार पायदान ऊपर चढ़कर 13वें और रवि बिश्नोई 13 स्थान की छलांग के साथ 19वें नंबर पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश भी आठ स्थान ऊपर चढ़कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 32वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के हार्दिक पांड्या ने तीन मैचों में चार विकेट लेकर गेंदबाजी रैंकिंग में 18 स्थान की छलांग के साथ 59वां स्थान हासिल किया है। वह बल्लेबाजी रैंकिंग में भी दो स्थान ऊपर चढ़कर 53वें और ऑलराउंडर रैंकिंग में एक स्थान की बढ़त के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उधर, वनडे रैंकिंग में इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक और जो रूट ने श्रीलंका के खिलाफ 2-1 से सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाकर रैंकिंग में सुधार किया है। ब्रूक ने तीन मैचों में 247 रन बनाकर 17 स्थान की छलांग लगाते हुए 11वां स्थान हासिल किया, जबकि रूट 184 रनों के साथ 23वें से 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद छह स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें और श्रीलंका के दाएं हाथ के स्पिनर दुनिथ वेलालगे 43वें से 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# कोलकाता के आनंदपुर गोदाम अग्निकांड में मृतकों की संख्या बढ़कर 21, अब भी 27 लापता

एजेंसी

**कोलकाता :** कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके आनंदपुर में स्थित दो गोदामों में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। वहीं, अब भी करीब 27 लोग लापता हैं। इनकी तलाश जारी है।

इस बीच, जले हुए पुष्पांजलि डेकोरेटर्स गोदाम के मालिक गंगाधर दास को पुलिस ने लापरवाही से मौत के आरोप में गिरफ्तार किया है। बुधवार को उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुष्पांजलि डेकोरेटर्स का गोदाम मोमो कंपनी वॉव मोमो के गोदाम से सटा हुआ था, जो आग में पूरी तरह जलकर खाक हो गया। मोमो कंपनी के मालिकों के खिलाफ भी समान धाराओं में मामला दर्ज किया गया है, हालांकि, अब तक कंपनी से किसी की गिरफ्तारी



नहीं हुई है। वॉव मोमो ने बुधवार रात बयान जारी कर कहा कि इस हादसे में कंपनी के तीन कर्मचारियों की मौत हुई है। बयान में कहा गया कि 26 जनवरी तड़के करीब तीन बजे पास के एक गोदाम में लगी आग फैलकर उनके गोदाम तक पहुंच गई, जिससे वह पूरी तरह नष्ट हो गया। कंपनी ने मृतकों के परिवारों के लिए मुआवजा की घोषणा की है, जिसमें प्रत्येक परिवार को 10 लाख रुपये, आजीवन मासिक वेतन और बच्चों की पूरी शिक्षा का खर्च शामिल है। कंपनी ने यह भी दावा किया कि आग पड़ोसी गोदाम में अवैध रूप से खाना पकाने के कारण लगी। आग सोमवार तड़के करीब तीन बजे लगी और मंगलवार दोपहर तक उस पर काबू पाया जा सका। घटना के समय वहां मौजूद लोगों की सटीक संख्या अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार, शव बुरी तरह झुलसने के कारण उनकी पहचान संभव नहीं हो पा रही है। अदालत से अनुमति मिलने के बाद डीएनए जांच के जरिए मृतकों की पहचान की जाएगी। अग्निकांड के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। दमकल विभाग की शिकायत पर नरेंद्रपुर थाने में लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए भी मामला दर्ज किया है। इन्हीं मामलों के आधार पर मंगलवार रात गरिया इलाके से गंगाधर दास को गिरफ्तार किया गया। दमकल विभाग के महानिदेशक रणवीर कुमार ने मंगलवार को घटनास्थल का दौरा कर बताया कि गोदामों को कोई अग्नि सुरक्षा मंजूरी नहीं दी गई थी। उन्होंने स्वीकार किया कि विभागीय स्तर पर भी चूक हो सकती है, जिसकी जांच की जाएगी। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि गोदाम भरे हुए आर्द्रभूमि (वेटलैंड) पर बनाए गए थे। हालांकि, कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि गोदाम वेटलैंड पर बने थे या नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई नई वेटलैंड नहीं भरी जा रही है।

मेयर फिरहाद हकीम ने मंगलवार को घोषणा की कि अग्निकांड में मारे गए और लापता लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। शवों या अवशेषों की पहचान के बाद परिजनों को चेक सौंपे जाएंगे। वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को घोषणा की कि इस अग्निकांड में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवार के एक सदस्य को सिविक वॉलंटियर की नौकरी दी जाएगी।

## नीतीश मंत्रिपरिषद की बैठक आज , संविदा कर्मियों को लेकर कर सकते हैं बड़ी घोषणा



एजेंसी

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षत में आज कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है। नए साल के पहले माह जनवरी में यह दूसरी बार मंत्रिपरिषद की बैठक बुलाई है। यह बैठक आज शाम 4:30 बजे पटना के देशरत्न मार्ग स्थित 'संवाद' कक्ष में होगी। कैबिनेट बैठक मुख्यमंत्री सचिवालय के कैबिनेट हॉल में होती है, लेकिन इस बार स्थान बदलकर 'संवाद' में तय किया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से जारी पत्र में सभी कैबिनेट मंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों की मौजूदगी अनिवार्य बताई गई है। विभागीय अधिकारियों को अपनी तैयारियों के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। इस बैठक का समय इसलिए खास है क्योंकि यह मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा के दूसरे चरण के समापन के साथ ही हो रही है। समृद्धि यात्रा आज समाप्त हो रही है, जिसमें मुख्यमंत्री मिथिलांचल के जिलों मधुबनी, दरभंगा और समस्तीपुर में विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर रहे हैं। यात्रा से लौटने के बाद ही नीतीश कुमार बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इससे पहले 13 जनवरी को हुई कैबिनेट बैठक में 41 एजेंडों पर मुहर लगी थी।

## बिहार के पांच जिलों में बारिश का येलो अलर्ट

**पटना :** बिहार के कुछ जिलों में बुधवार को हुई बारिश के बाद ठंड एक बार फिर बढ़ गई है। मौसम विभाग ने गुरुवार को भी राज्य के 5 जिलों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। जबकि पटना समेत कई अन्य जिलों में मौसम साफ रहने की संभावना है। हालांकि पटना सहित राज्य के अधिकतर जिलों में आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान और छपरा जिलों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हो सकती है। दिन में मौसम थोड़ा राहत भरा रहेगा, लेकिन शाम होते ही कनकनी बढ़ेगी और रात के समय ठंड का असर ज्यादा महसूस होगा। मौसम विभाग के मुताबिक शाम होते-होते कनकनी बढ़ सकती है और रात के दौरान कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। आज राज्य में अधिकतम तापमान 20 से 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

## स्लीपर बसझ्ट्रेलर टक्कर में मां-बेटे समेत चार की मौत, पांच घायल

एजेंसी



**भरतपुर :** जिले के आगरा-जयपुर नेशनल हाईवे पर बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में मां-बेटे समेत चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सेवर थाना क्षेत्र के सेवर पुल के पास रात करीब ढाई बजे हुआ, जब उत्तर प्रदेश के कासगंज से जयपुर जा रही एक स्लीपर बस सड़क पर खड़े ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और कई यात्री अंदर फंस गए। बस में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। सेवर थाना के एसआई अवधेश ने बताया कि घायलों को तुरंत आरबीएम अस्पताल पहुंचाया गया। मृतकों के शवों को मोर्चरी में रखवाया गया है। हादसे में जान गंवाने वालों में गीता (38) पत्नी रामवीर निवासी सतोवा, मथुरा (यूपी), उनका बेटा कान्हा (8), बस चालक मुक्खन सिंह (28) पुत्र खेम सिंह निवासी कठूमर (अलवर) और मुस्लिम (40) पुत्र इस्माइल निवासी कासगंज (यूपी) शामिल हैं। पुलिस ने मौके का मुआयना कर क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया और यातायात सुचारू कराया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## राजस्थान में सर्दी ने फिर पकड़ा जोर, 31 जनवरी से फिर बदलेगा मौसम



एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान में हाल ही में हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। प्रदेश में एक बार फिर सर्दी तेज हो गई है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने गुरुवार को राज्य के 10 जिलों में घना कोहरा छाने का अलर्ट जारी किया है। शीतलहर के असर से सीकर, अलवर सहित कई जिलों में दिन और रात के तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ गई है। बुधवार को प्रदेश के कई हिस्सों में कोहरा और धुंध छाई रही, वहीं सर्द हवा के कारण सुबह-शाम के साथ दिन में भी ठंड का असर बना रहा। पाली प्रदेश का सबसे ठंडा इलाका रहा, जहां न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया। जयपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर गुरुवार सुबह तक घना कोहरा छाया रहा। एनएच-48 और स्टेट हाईवे पर वाहनों को फॉग लाइट जलाकर धीमी गति से गुजरना पड़ा। दिल्ली-जयपुर रूट पर चलने वाली बसें भी देरी से चलीं। पिछले 24 घंटों में श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर, झुंझुनूं और अलवर में घना कोहरा देखा गया। इसके अलावा बीकानेर, जैसलमेर, फलोदी, जोधपुर और नागौर क्षेत्र में भी हल्का कोहरा और धुंध छाई रही। इस कारण बुधवार को प्रदेश के अधिकांश शहरों में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा।

## मुख्यमंत्री ने की केंद्रीय कृषि मंत्री से मुलाकात, राजस्थान में कृषि सुधारों पर चर्चा

एजेंसी

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराजसिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि आज नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराजसिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राजस्थान के लिए मटेरियल कंपोनेंट के अंतर्गत 825 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी करने पर आभार जताया गया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री द्वारा अग्रिम किस्त का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया



गया। इस दौरान राजस्थान में कृषि सुधारों, ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं तथा किसानों के सर्वांगीण उत्थान से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इससे पहले मुख्यमंत्री शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा एवं केंद्रीय आवासन, शहरी कार्य एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से शिष्टाचार भेंट की थी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री नड्डा से मुलाकात के दौरान प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, आधारभूत स्वास्थ्य ढांचे के विस्तार एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की। साथ ही, उन्होंने प्रदेशवासियों को सुलभ और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में भी सार्थक संवाद किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय आवासन, शहरी कार्य एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से मेट्रो विस्तार, शहरी यातायात एवं ऊर्जा से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विकसित किए जा रहे बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम एवं नवीन ट्रांसमिशन तंत्र के सुदृढ़ीकरण सहित ऊर्जा क्षेत्र के अन्य पहलुओं पर अहम चर्चा की।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में भी बिकवाली का दबाव

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करते रहे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान कमजोरी के साथ बंद हुए। वहीं एशियाई बाजार में भी आज बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान निराशा का माहौल बना रहा। डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल एवरेज पिछले सत्र के कारोबार



के बाद 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ 49,015.60 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,857.45 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ 6,978.03 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 49,001.96 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 10,154.43 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 86.14 अंक यानी 1.07 प्रतिशत टूट कर 8,066.68 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,822.79 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी आज आम तौर पर गिरावट का रुख बना हुआ है। एशिया के नौ बाजार में से सात के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि दो सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। कोस्पी इंडेक्स 0.84 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,214.32 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 155.09 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 27,982 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.32 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,346 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 171.82 अंक यानी 0.52 प्रतिशत फिसल कर 32,632 अंक के स्तर पर आ गया है। जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स में आज लगातार दूसरे दिन जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल ये सूचकांक 549.23 अंक यानी 6.60 प्रतिशत लुढ़क कर 7,771.33 अंक के स्तर पर आ गया है।

इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.69 प्रतिशत फिसल कर 1,329.71 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,147.15 अंक के स्तर पर, स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.07 प्रतिशत टूट कर 4,905.71 अंक के स्तर पर और निक्केई इंडेक्स 0.03 प्रतिशत की सांकेतिक गिरावट के साथ 53,342 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### शिमला : दो गाड़ियों के चालकों में कहासुनी, क्रॉस एफआईआर

**शिमला :** शिमला जिले के चौपाल उपमंडल के कुपवी बाजार में पास लेने को लेकर दो गाड़ियों के चालकों के बीच कहासुनी के बाद हाथापाई की स्थिति बन गई। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। इसके आधार पर थाना कुपवी में क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम एक अधिकारी ड्यूटी के बाद निजी तौर पर हायर की गई गाड़ी से अपने घर जा रहे थे। अधिकारी को उनके आवास पर छोड़ने के बाद गाड़ी का चालक अनिल कुमार, निवासी गांव धार, डाकघर चरोली, अपने क्वार्टर लौट रहा था। इसी दौरान कुपवी के लोअर बाजार में सामने से आ रही एक ऑल्टो कार के साथ पास लेने को लेकर स्थिति बनी। अनिल कुमार का आरोप है कि गाड़ी हटाने को लेकर कहने पर ऑल्टो कार में सवार चार-पांच लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज की, रास्ता रोका, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में सोहन और कमल निवासी कुपवी के नाम सामने आए हैं। वहीं, दूसरी ओर से ऑल्टो कार चालक कमल निवासी कुपवी ने भी पुलिस को शिकायत दी है। कमल चंद का कहना है कि बुधवार शाम करीब छह बजे वह अपनी ऑल्टो कार के साथ कुपवी बाजार में थे। आरोप है कि दूसरी गाड़ी के चालक अनिल कुमार ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई, जिससे वह भयभीत हो गए। पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों की लिखित शिकायतों के आधार पर थाना कुपवी में अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। अनिल कुमार की शिकायत पर बीएनएस की धाराओं 126(2), 115(2), 351(2), 352, 191(2) और 190 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, कमल की शिकायत पर बीएनएस की धाराओं 126(2), 115(2), 352 और 351(2) के तहत केस दर्ज हुआ है। पुलिस का कहना है कि क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली गई हैं और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बिलासपुर में नेशनल हाइवे पर निजी बस दुर्घटनाग्रस्त, चार लोग घायल

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नेशनल हाइवे पर फोरलेन निर्माण कार्य के बीच देर रात एक निजी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा नम्होल के समीप कहलूर नामक स्थान पर हुआ, जहां शिमलाझ्धर्मशाला फोरलेन परियोजना के तहत सड़क का काम चल रहा है। दुर्घटना में बस चालक और परिचालक समेत चार लोग घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार यह हादसा रात करीब दो बजे के आसपास हुआ। न्यू प्रेम बस सर्विस की यह निजी बस चंबा से शिमला की ओर जा रही थी। जिस समय बस दुर्घटनाग्रस्त हुई, उस वक्त उसमें चालक, परिचालक और दो यात्री ही सवार थे। बस अचानक सड़क से करीब दस फुट नीचे खाई में जा गिरी, जिससे अंदर बैठे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग व नम्होल पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। इस हादसे में चालक, परिचालक और दो सवारियों को चोटें आई हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए एम्स बिलासपुर लाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। ठंड अधिक होने और देर रात का समय होने के कारण बस में यात्रियों की संख्या कम थी, जिससे बड़े नुकसान से बचाव हो सका। हादसा ब्रह्मपुखर और नम्होल बस स्टॉपेज के बीच उस हिस्से में हुआ, जहां सड़क अपेक्षाकृत चौड़ी है और फोरलेन निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। ऐसे में सड़क से बस के नीचे गिरने को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि बस की रफ्तार अधिक हो सकती है। हालांकि पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट होंगे। निर्माण कार्य के कारण सड़क की स्थिति भी जांच के दायरे में है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। बता दें कि हिमाचल प्रदेश में सड़क हादसे लगातार चिंता का विषय बने हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में करीब एक हजार लोगों की जान चली जाती है। इसी महीने 9 जनवरी को सिरमौर जिले में हुए एक निजी बस हादसे में 14 यात्रियों की मौत हुई थी और 48 लोग घायल हुए थे। इसके बाद मंडी जिले में भी निजी बस हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हुई।

### बलरामपुर : उत्तर छत्तीसगढ़ में फिर बढ़ी ठंड , शीतलहर-कोहरे ने बढ़ाई ठिठुरन

**बलरामपुर :** उत्तर छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। जनवरी के अंतिम सप्ताह में शीतलहर और घने कोहरे की वापसी से ठंड ने लोगों को फिर से गर्म कपड़ों में सिमटने पर मजबूर कर दिया है। बलरामपुर जिले में गुरुवार की सुबह के वक्त छाया कोहरा और सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। बलरामपुर जिले सहित उत्तर छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में बीते कुछ दिनों से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। जनवरी के तीसरे सप्ताह तक ठंड का असर लगभग खत्म हो गया था और दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही थी, लेकिन अंतिम सप्ताह में शीतलहर की दस्तक ने हालात बदल दिए हैं। सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता कम हो गई है, वहीं सर्द हवाओं के चलते आम जनजीवन पर भी असर पड़ा है। खासकर सुबह-सुबह काम पर निकलने वाले लोगों और स्कूली बच्चों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आज गुरुवार को जिले में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना है, जबकि अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। अगले कुछ दिनों तक सुबह और रात के समय ठंड का असर बने रहने की संभावना जताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि, अचानक बढ़ी ठंड को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है।

### फरवरी में खुलेगा बामुणीमैदाम-रिजर्व बैंक को जोड़ने वाला नया फ्लाईओवर

**गुवाहाटीः** गुवाहाटी में बामुनीमैदाम से रिजर्व बैंक को जोड़ने वाला नव-निर्मित फ्लाईओवर फरवरी महीने में आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने बुधवार देर रात फ्लाईओवर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। लगभग 850 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह चार लेन का फ्लाईओवर 5.44 किलोमीटर लंबा है, जो राज्य का अब तक का सबसे लंबा फ्लाईओवर होगा। इसके चालू होने से शहर में यातायात व्यवस्था को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि फ्लाईओवर के शेष भाग का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और इसे भी 15 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। राज्य सरकार ने समयबद्ध तरीके से बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

न्यूज IN ब्रीफ

## विजय कुमार साव लड़ेंगे वार्ड नंबर सात से वार्ड पार्षद का चुनाव



**संवाददाता :** वार्ड नंबर सात से युवा एवं लोकप्रिय विजय कुमार साव के चुनाव लड़ने और इसकी घोषणा के पश्चात से वार्ड नंबर सात में जबरदस्त हर्ष और उमंग का माहौल है इसकी प्रमुख वजह यह है कि श्री साव युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं साथ ही साथ सभी वार्ड वासी उनके व्यवहार, सालीनता और अपनत्व भरे संबंध से काफी प्रभावित हैं। समस्या को निरंतर गंभीरता पूर्वक निष्पादन करने की विशेषता ने इन्हें और भी लोकप्रिय बना दिया है। इनके चाचा सुरेश कुमार साव भी चक्रधरपुर में लोकप्रिय समाजसेवी और कद्दावर भाजपा नेता के रूप में पहचाने जाते हैं इनके द्वारा अपने स्वनिर्मित धर्मशाला में कई सामाजिक कार्य संचालित करते हैं तथा मोदी कार्यालय पूरे जिला में काफी प्रख्यात है। इस प्रकार से विजय कुमार साव जन अपेक्षा के फलस्वरूप वार्ड नंबर सात से चुनाव लडेंगे और उनकी दावेदारी काफी मजबूत और प्रबल है।

## जया एकादशी पर श्याम मंदिर में बाबा के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़



**निधि पाठक :** रांची हरमू रोड़ स्थित खाटू श्याम मंदिर में जया एकादशी के अवसर पर श्याम बाबा की विशेष पूजा अर्चना की गई ।इस अवसर पर काफी संख्या में भक्तजनोंऔर श्रद्धालुओं की भीड़ हुई सभी ने श्याम बाबा के दर्शन किए और जयकारा लगाया। यूं तो प्रतिदिन श्याम बाबा के मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती है किंतु प्रति एकादशी के दिन विशेष पूजा अर्चना होती है और भक्तजनोंऔर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। सभी भक्तों ने एक स्वर में श्याम बाबा का जयकारा लगाया।

## घरेलू विवाद में युवक ने लगाई फांसी

**चाईबासा :** घरेलू विवाद में टोंटो थाना अंतर्गत टोटो गांव निवासी 31 वर्षीय महजोन लागुरी ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात में किसी बात को लेकर महजोन लागुरी का बड़े भाई के साथ विवाद हो गया था। वह बुधवार को अपने कमरे के घारण में गमछा से फांसी का फंदा बांध कर झूल गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई।जब परिजनों को पता चला तो घटना की सूचना पुलिस को दिया गया। पुलिस घटनास्थल पर जा कर शव को अपने कब्जे में लिया और गुरुवार को पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल लाई। परिजनों ने बताया कि घरेलू विवाद में गुस्से से महजोन लागुरी ने फांसी लगा लिया।

## आग से झुलसने से इलाज के दौरान अधेड़ महिला की मौत

**चाईबासा :** चक्रधरपुर के केरा गांव निवासी 51 वर्षीय मल्लिका देवी की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में गुरुवार की सुबह मौत हो गई। आग तपने के दौरान झूला जाने से 20 जनवरी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जानकारी के अनुसार 19 जनवरी को रात में मल्लिका देवी अपने घर में आग ताप रही थी उसी दौरान उसके कपड़े में आग पकड़ लिया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई थी। उसे 20 जनवरी को सदरअस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 29 जनवरी के सुबह उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाते ही सदर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

## गोलमुरी में जुबली गोल्फ टूर्नामेंट 21-22 फरवरी को

**जमशेदपुर :** गोलमुरी गोल्फ कोर्स में 21 और 22 फरवरी को प्रतिष्ठित 48वां जुबली गोल्फ टूनामेंट आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न शहरों से लगभग 250 गोल्फ खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। टूनामेंट में पुणे, पारादीप, भुवनेश्वर, जमशेदपुर और रांची से खिलाड़ी भाग लेंगे, जिससे यह क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण गोल्फ आयोजनों में से एक बन गया है।इस प्रतियोगिता का आयोजन गोलमुरी क्लब और जमशेदपुर गोल्फ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसे टाटा स्टील एवं संबद्ध संस्थाओं का सहयोग प्राप्त है। देशभर से आए खिलाड़ी विभिन्न वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें खेल भावना, उत्कृष्टता और जमशेदपुर की समृद्ध गोल्फ विरासत का उत्सव मनाया जाएगा।

## बागबेड़ा में 31 से निःशुल्क नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर

**जमशेदपुर :** बागबेड़ा के राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में 31 जनवरी से 2 फरवरी तक निःशुल्क नेत्र जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित होगा। वहीं, मरीजों का लेंस प्रत्यारोपण भी होगा। नेत्र जांच और ऑपरेशन शिविर को सफल बनाने में भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन अझ्पताल एवं जिला ग्रामीण स्वास्थय समिति, जमशेपुर फेमिना एवं रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी भी रेडक्रॉस को सहयोग कर रही है।

## भालूबासा में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, वृद्धा की झुलसकर मौत

**जमशेदपुर :** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भालूबासा स्थित इंद्रानगर जोड़ा मंदिर के पास बुधवार देर रात शॉर्ट सर्किट से एक घर में भीषण आग लग गई। घटना के समय घर के सभी लोग गहरी नींद में सो रहे थे। अचानक घर के अंदर से चीख-पुकार की आवाज आई और देखते ही देखते चारों ओर धुआं और आग की लपटें फैल गईं। घटना की सूचना सीतारामडेरा थाना एवं फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना देने के करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची।इस हादसे में घर के अंदर फंसी 85 वर्षीय शोभा मुखर्जी की झुलसकर मौत हो गई। वहीं, घर की छत पर मौजूद एक तोते की भी दम घुटने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर टीएमएच अस्पताल भेज दिया गया है जहां शव को रखा गया है।

# 30 को स्पर्श डे के रूप में मनाया जाएगा : डीसी

संवाददाता

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में बुधवार को स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान, 2026 सह द्वितीय चक्र कुष्ट रोगी खोज अभियान के सफल संचालन को लेकर समाहरणालय के सभागार कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्य तिथि पर आगामी 30 जनवरी से 13 फरवरी तक राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि जिलावासियों को जागरूक व सचेत किया जा सके। आगे उपायुक्त द्वारा जानकारी दी कि कुष्ठ उन्मूलन की दिशा में जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान-2026 का संचालन दिनांक 30 जनवरी 2026 से 14 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। वहीं कुष्ठ रोग खोज अभियान (चक्र-2) के अंतर्गत दिनांक 09 मार्च 2026 से 23 मार्च 2026 तक जिले भर में घर-घर जाकर कुष्ठ रोग की पहचान की जाएगी।

बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री लकड़ा ने जिला स्तर पर कुष्ठ रोग से संबंधित किये जा रहे कार्यों एवं वर्तमान में ईलाजरत मरीजों की



जानकारी से अवगत हुए। साथ हीं कुष्ठ रोग से पीड़ित मरीजों के बेहतर इलाज, रख रखाव व उन्हे दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले में चिन्हित कुष्ठ रोग के मरीजों को सहिया द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलाए जाने की बात कही, ताकि देवघर जिला को कुष्ठ रोग से मुक्त जिला बनाया जा सके। साथ हीं 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान को व्यापक स्तर से चलाने की बात कही और इस अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। आगे बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि कुष्ठ रोग के विरुद्ध आखिरी युद्ध के तर्ज पर इस 13 दिवसीय स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 2026 के तहत जिले के प्रत्येक गांव मे ग्राम सभा का आयोजन एवं आंगनबाड़ी केंद्रों सहित अन्य माध्यमों से कुष्ठ रोग का लक्षण एंव उपचार के संबंध में व्यापक रुप से प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया, ताकि समाज में कुष्ठ को लेकर फैली भ्रांतियों, छुआ-छुत जैसे बातों को दूर कर रोगमुक्त किया जा सके।

व्यापक स्तर पर करें प्रचार-प्रसार : उपायुक्त

लेप्रोसी के मरीजों को अक्सर छुआछूत, कोढ़ और सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ता है। जागरुकता के अभाव की वजह से लोगों को लगता है कि यह छूने से फैलता है। जबकि ये बिल्कुल गलत है, संक्रामक बीमारी होने के बावजूद यह छूने या हाथ मिलाने, साथ में उठने-बैठने या कुछ समय के लिए साथ रहने से नहीं फैलती। सुन्न दाग धब्बों का ज्ञान ही कुष्ठ रोग की पहचान है। लेकिन, नियमित रूप से इसका चेकअप और बचाव करने से इससे बचा जा सकता है। इसके अलावे उपायुक्त ने अभियान में कुष्ठ रोग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्विज प्रतियोगिता, जनसंदेश, पम्पलेट्स इत्यादि के द्वारा लोगों को जागरूक किया जाएगा। 30 जनवरी का दिन स्पर्श डे के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कुष्ठ जागरुकता के लिए जिला दण्डाधिकारी का संदेश पढ़ा जाएगा और सभी ग्राम सभाओं में ग्राम प्रधानों का संदेश उनके द्वारा पढ़ कर लोगों को सुनाया जाएगा।

सभी स्कूलों में चलेगा जागरूकता अभियान : उपायुक्त

स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सभी विद्यालयों में शिक्षको के द्वारा बच्चों को कुष्ठ रोग से संबन्धित आम सवाल जवाब, रोग के लक्षण, जांच, उपचार एवं भ्रांतियों पर चर्चा की जाएगी।

बैठक में उप विकास आयुक्त पियूष सिन्हा, नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ0 बच्चा सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी बिनोद कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू, जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, जिला वीभीडी पदाधिकारी, डिस्ट्रीक्ट लेप्रोसी ऑफिसर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं चिकित्सक व संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ दिलीप कुमार झा को किया गया सम्मानित



संवाददाता

**दुमका :** जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी सह भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला आयुक्त भूतनाथ रजवार ने बुधवार को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स दुमका संस्था के तरफ से राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सह पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार झा को शाल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ0 झा को सम्मानित करने के बाद डीईओ श्री रजवार ने कहा कि डॉ0 दिलीप कुमार झा का समाज, शिक्षा जगत एवं शिक्षक समाज के लिए समर्पित भाव से किया गया योगदान भुलाया नही जा सकता।श्री रजवार ने कहा कि उत्कृष्ट शिक्षक समाज के लिए आदर्श होते हैं। कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद भी समर्पित शिक्षक समाज कल्याण एवं शिक्षा जगत के लिए अपनी सेवा देते रहते हैं। मौके पर उपस्थित वरीय उपसभापति दिवाकर महतो ने कहा कि डॉ0 दिलीप कुमार झा जैसे लोग कभी गुमनाम नही होते हैं। ऐसे लोग सेवानिवृत्त के बाद भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा पूर्वक करते हैं। मुख्य जिला आयुक्त हरिश्चंद्र चौधरी ने कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद डॉ0 झा अपने परिवार के साथ स्वस्थ रहते हुए सामाजिक कार्यों से जुड़े रहें। जैक सदस्य सह पूर्व प्राचार्य अजय कुमार गुप्ता ने डॉ0 दिलीप कुमार झा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉ0 दिलीप कुमार झा सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद सामाजिक सेवा के लिए पूरी तरह स्वतंत्र हैं। जैक सदस्य ने कहा कि शिक्षक समाज एवं स्काउट गाइड के साथ साथ समाज के लोगों को डॉ0 झा के अनुभवों से लाभ उठाना चाहिए।जिला सचिव विजय कुमार दूबे ने डॉ0 दिलीप कुमार झा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉ0 झा एनसीसी पदाधिकारी होते हुए भी भारत स्काउट्स एवं गाइड्स परिवार से गहरा लगाव रखते हैं। कहा कि जब भी स्काउट गाइड परिवार डॉ0 झा को याद करता है डॉ0 झा हमेशा हाजिर रहते हैं। कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स परिवार किसी को विदाई नही करता है बल्कि उसको स्काउट गाइड परिवार में जोड़ता है । इसलिए डॉ0 झा को सेवानिवृति के बाद विदाई नही करके उनका सम्मान पूर्वक स्काउट गाइड परिवार में स्वागत किया जा रहा है। मौके पर कोषाध्यक्ष मानुवेल सोरेन, जिला संगठन आयुक्त अपरेश कुमार,स्काउट मास्टर संजीत कुमार चौधरी, सहायक स्काउट मास्टर अनुराग नन्दन, सीनियर गाइड अनुप्रिया मराण्डी, सीनियर स्काउट हरिमोहन, गणेश पाल,अमुराग कुमार साह,तुषार कुमार एवं विशाल चौरसिया उपस्थित थे।

## दुमका नप अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राजेश राउत के समर्थकों के साथ की बैठक



संवाददाता

**दुमका :** दुमका नगर परिषद् चुनाव के अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी राजेश कुमार राउत ने बुधवार की संध्या अपने समर्थकों की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय के.बी. वाटिका में आयोजित की। बैठक में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष समर्थकों की उपस्थिति ने आयोजन को प्रभावशाली बना दिया।

बैठक की अध्यक्षता प्रेम केशरी ने की। उन्होंने श्री राउत की उम्मीदवारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राजेश कुमार राउत दुमका शहर के जाने-माने समाजसेवी हैं, जिन्होंने सदैव निःस्वार्थ भाव से समाज की सेवा की है। उनके सेवा कार्यों में कभी भी स्वार्थ नहीं झलका। बच्चे, युवा और बुजुर्ग–हर वर्ग में उनकी लोकप्रियता इस बात का प्रमाण है कि वे दुमका नगर परिषद् अध्यक्ष पद के लिए एक सशक्त और उपयुक्त उम्मीदवार हैं।

इस अवसर पर चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री मुस्ताक अली (खोखन दा) ने भी श्री राउत के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि वे सामाजिक दायित्वों और नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन में पूरी तरह सक्षम हैं। बैठक में मनोज पांडेय, अरुण केशरी, सूरज केशरी सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और श्री राउत की उम्मीदवारी का समर्थन किया। महिलाओं ने भी एक स्वर में श्री राउत के पक्ष में मजबूत समर्थन जताया।

बैठक में शैलेश सिंह, बासुकीनाथ सिंह, सान्वरमल अग्रवाल, अनुप कुमार सिन्हा, मनोज पांडेय, अरुण केशरी, संजीव कुमार जय बमबम, इंदु चौबे, निशा झा, रेनू देवी, नीतू चौधरी, कविता झा, डोली चौधरी, रेनू सिंह, मोनिका कुमारी, आनंद केशरी, प्रबीर सिन्हा, सीतेश कुमार साहा, अरुण मंडल, राजू अग्रवाल, राजेश स्वर्णकार, अनुज केशरी, दिनेश मंडल, मो. जाकिर, रामानुज उपाध्याय, संजीव कुमार बबलू, अजय गुप्ता, मृतुंजय सिंह, सुकेन कुमार, बिमल जायसवाल, सूरज केशरी, कैलाश केशरी, श्याम केशरी, उदय नंदी, विनय सिंह, विनय भगत, लालू राय, मोनू गुप्ता, मनीष मयंक, अमित कुमार, मो. रहमान, पवन शर्मा, राजेश कुमार, अजय केशरी, पिंकू खान, मो. आसिफ अंसारी, बीरु दास सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। अंत में संदीप कुमार जय बमबम ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

## सरयू राय की अनुशंसा पर बर्मामाइंस में बड़े नाले का निर्माण शुरू

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय की अनुशंसा पर टीएसयूआईएसएल (जुस्को) द्वारा बर्मा माइन्स कोयला टाल बस्ती से मदरसा के पीछे तक बड़े नाले के निर्माण कार्य की शुरूआत कर दी गई है। टाटा स्टील द्वारा बाउंड्री वॉल बनाए जाने के बाद गंदे पानी की निकासी का रास्ता बंद हो गया था, जिससे पिछले 10झ11 महीनों से बस्तीवासियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। गंदा पानी घरों में घुसने से हालात गंभीर हो गए थे।स्थानीय निवासियों ने इस समस्या की जानकारी जनता दल (यू) बर्मा माइन्स मंडल अध्यक्ष को दी, जिसके बाद मंडल पदाधिकारियों ने स्थल निरीक्षण कर मामला विधायक सरयू राय के समक्ष रखा।विधायक ने जुस्को प्रबंधन को पत्र लिखकर बड़े नाले के निर्माण की अनुशंसा की।विधायक की पहल पर नाला निर्माण शुरू होने से बस्तीवासियों में खुशी है। लोगों ने समस्या के समाधान के लिए विधायक सरयू राय के प्रति आभार जताया है।

## वैन चालकों ने की अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा

**जमशेदपुर :** बिरसानगर में छह वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म के मामले में जमशेदपुर स्कूल वाहन सेवा संचालन समिति ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। इस दौरान शहर में वैसे वैन और ऑटो नहीं चलेंगे जो स्कूली बच्चों को लेकर जाते है। समिति की ओर से बताया गया कि इस घटना में वैन चालक मनु पांडेय को फंसाया गया है। घटना 24 जनवरी की है। मनु स्कूल प्रबंधन ने फोन कर बुलाया था जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। समिति के अध्यक्ष संतोष मंडल ने बताया कि वे लोग आज बच्ची के स्कूल प्रबंधन से मुलाकात करने पहुंचे थे। इस वातार्लाप में यह निर्णय लिया गया है कि स्कूल प्रबंधन और पीड़ित के परिजनों के साथ एक बैठक कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। इसपर सहमति बनने के बाद ही हड़ताल खत्म होगी। उन्होंने यह साफ किया कि शुक्रवार से अगर कोई भी वैन चालक बच्चों को लेकर स्कूल पहुंचेगा उसे रोक जाएगा ताकि यह हड़ताल

# जिला समन्वय समिति की आयोजित बैठक संपन्न

संवाददाता

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में बुधवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित योजनाओं दीदी की दुकान, दीदी का ढाबा सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। इसके उपरांत उद्योग विभाग की समीक्षा के क्रम में पीएम विश्वकर्मा योजना (2025-26) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई तथा नियमानुसार शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया गया। पंचायती राज विभाग अंतर्गत 15वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत योजना की समीक्षा की गई। पशुपालन विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना एवं जोड़ा बैल वितरण योजना तथा गव्य विकास विभाग अंतर्गत पशु बीमा योजना एवं पशु बीमा क्लेम से संबंधित प्रगति की समीक्षा की गई।

कृषि विभाग अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, रबी वर्ष 2025-26 में 50% अनुदान पर बीज वितरण योजना तथा बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत 100% अनुदान पर प्रदर्शन हेतु बीज प्राप्ति की स्थिति की समीक्षा की गई। आपूर्ति विभाग अंतर्गत राशन वितरण, धान अधिप्राप्ति, धोतीझसाड़ी योजना एवं यूआईडी सीडिंग की समीक्षा की गई। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मध्याह्न भोजन/आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, सरकारी भवनों में पेयजल, शौचालय एवं विद्युत व्यवस्था तथा सेविका एवं सहायिका के रिक्त पदों की समीक्षा की गई। सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत सभी पेंशन योजनाओं एवं



पेंशनधारियों को किए जा रहे भुगतान की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग अंतर्गत विद्यालयों में विद्युतीकरण, शौचालय, पेयजल, बेंच-डेस्क की उपलब्धता तथा शिक्षक एवं छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति की स्थिति की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत अस्पतालों की मरम्मति, जन्मझ मृत्यु पंजीकरण की स्थिति, कालाजार से प्रभावित मरीजों के आवास निर्माण सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। कल्याण विभाग अंतर्गत छात्रवृत्ति योजना, साइकिल वितरण एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की प्रगति की समीक्षा की गई।

राजस्व एवं आंतरिक संसाधन विभाग अंतर्गत लंबित दाखिलझ खारिज मामलों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त आपदा प्रबंधन से संबंधित जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र निर्गत करने की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

बैठक में पर्यटन विभाग अंतर्गत जिले में अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त श्री सिन्हा ने पर्यटन क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत हर घर जल योजना की भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मनरेगा अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त श्री सिन्हा ने बैठक के दौरान सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुचारू रूप से पहुँचाया जा सके। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित जिले के विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।